CMYK

अधिकतम : 27° C
न्यूनतम : 19° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, सोमवार 1 जून 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 180 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 14 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हुगली में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर हमले की अखिलेश यादव ने की निंदा पेज 2



सात्विक-चिराग पहली बार बने सिंगापुर ओपन के विजेता खेल टाइम्स



छोटे से मदरसे से विश्व विख्यात संस्था बनना मामूली बात नहीं सम्पादकीय



डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को नई धमकी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### सूर्या प्रताप हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में मारा गया

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र में 17 वर्षीय सूर्या प्रताप चौहान की चाकू से गोदकर हत्या के मामले में फरार चल रहा मुख्य आरोपी एवं 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश असद पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। यह कार्रवाई खोडा थाना और इंदिरापुरम पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। पुलिस उपायुक्त ( नगर/ट्रांस हिंडन/मुख्यालय ) धवल जायसवाल ने रविवार को बताया कि सूर्या प्रताप चौहान हत्याकांड में वांछित चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी असद को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो आरोपी ने गोली चला दी। इसके बाद पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। उसे उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई।

### उच्च क्षमता वाले बम का सफल परीक्षण

**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला के रामगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला ( टीबीआरएल ) क्षेत्र में रविवार को उच्च क्षमता वाले बम का परीक्षण किया गया। सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने पहले ही आसपास के गांवों के लिए परामर्श जारी कर दिया था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह करीब 11:30 बजे हुए परीक्षण के दौरान जोरदार धमाका हुआ, जिसकी आवाज लगभग 6 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।

### ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम व मणिपुर में एसआईआर शुरू

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया के तीसरे चरण के तहत गणना चरण शुरू कर दिया है। आयोग द्वारा बताया गया कि इन चार राज्यों में यह अभियान 30 मई से शुरू हो चुका है। जिन पात्र मतदाताओं के फॉर्म 28 जून या उससे पहले अधिकारी के पास जमा हो जाएंगे, उनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।

# जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने नए सीडीएस का पदभार संभाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को भारत के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें पाकिस्तान और चीन के मामलों का बड़ा विशेषज्ञ माना जाता है। उनका मुख्य उद्देश्य महत्वाकांक्षी मिलिट्री थिएटरेशन (सैन्य थिएटराइजेशन) योजना को लागू करना और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को मजबूत करना है।

उन्होंने जनरल अनिल चौहान की जगह ली है। जनरल सुब्रमणि ने अपने पूर्ववर्तियों, दिवंगत जनरल बिपिन रावत और जनरल अनिल चौहान के शानदार नेतृत्व और योगदान के प्रति आभार जताया। जनरल चौहान शनिवार को देश के सबसे वरिष्ठ सैन्य कमांडर के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करके सेवानिवृत्त हुए। जनरल सुब्रमणि इससे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) में सैन्य सलाहकार के रूप में काम कर रहे थे। वह पिछले साल 31 जुलाई को थलसेना के उप प्रमुख के पद से रिटायर हुए थे। पद संभालने के बाद जनरल सुब्रमणि ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य ध्यान सशस्त्र बलों के बदलाव और संगठनात्मक सुधारों पर होगा। वह प्रधानमंत्री के 'जेएआई' विजन यानी जाइंटनेस (तालमेल), आत्मनिर्भरता और इनोवेशन (नवाचार) को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों की ट्रेनिंग और उनका कल्याण सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। जनरल सुब्रमणि ने कहा कि आत्मनिर्भरता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मुख्य आधार है। वह सेना में स्वदेशी हथियारों के विकास और उन्हें शामिल करने के काम में तेजी लाएंगे। आधुनिकीकरण के लिए सेना, उद्योग, शिक्षण संस्थानों, स्टार्टअप और रिसर्च क्षेत्र के बीच सहयोग बढ़ाया जाएगा।



■ कहा: उनका मुख्य ध्यान सशस्त्र बलों के बदलाव और संगठनात्मक सुधारों पर होगा

## एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन बने नए नौसेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने भारतीय नौसेना के नए प्रमुख के रूप में 31 मई को अपना कार्यभार संभाल लिया।

पद संभालने के बाद उन्हें साउथ ब्लॉक परिसर में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके साथ ही वे भारतीय नौसेना के 27वें नौसेना प्रमुख बन गए हैं। दूसरी तरफ, निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी 31 मई को अपनी सेवा से रिटायर हो गए।



■ एडमिरल त्रिपाठी 31 मई को अपनी सेवा से हो गए थे रिटायर

## यूपी के स्थायी DGP बने राजीव कृष्ण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को लंबे इंतजार के बाद अपना पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिल गया है। वर्तमान में कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण को प्रदेश का पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से भेजे गए पैनल पर शासन स्तर पर मंथन पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी को ही पूर्णकालिक डीजीपी बनाए जाने पर मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यूपी को चार साल बाद स्थायी डीजीपी मिल गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। यूपीएससी ने 26 मई को हुई बैठक के बाद 1990 बैच की आईपीएस अधिकारी रेणुका मिश्रा तथा 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी पीयूष आनंद और राजीव कृष्ण के नामों का पैनल प्रदेश सरकार को भेजा है। इनमें राजीव कृष्ण का नाम सबसे मजबूत माना जा रहा था। आखिरकार मुख्यमंत्री योगी ने भी उनके नाम पर मंजूरी दे दी। राजीव कृष्ण एक जून 2025 से कार्यवाहक डीजीपी के तौर पर जिम्मेदारी निभा रहे थे।

# टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला

**हुगली।** पश्चिम बंगाल में हुगली में रविवार को एक प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला किया गया।

इससे श्री बनर्जी सड़क पर ही गिर पड़े हालांकि उनको ज्यादा चोट नहीं आई। वह अपनी पार्टी के सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले पर नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए चंडीतला थाने में एक ज्ञापन सौंपने जा रहे थे। वह नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे थे, जैसे ही उनको पुलिस ने रोका तभी किसी ने उनके सिर पर पीछे से वार कर दिया, जिससे वे दर्द से कराहते हुए जमीन पर गिर पड़े। इससे पहले शनिवार को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर उस समय हमला किया जब वे पार्टी समर्थक परिवार से मिलने जा रहे थे। यह हमला दक्षिण 24 परगना जिले में हुआ था। श्री बनर्जी पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है और राज्य सरकार ने उनको एक्स कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान करने का फैसला किया है। तृणमूल कांग्रेस ने श्री कल्याण बनर्जी पर हुए हमले को पूरी तरह से अराजकता करार देते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर कहा कि चुनाव नतीजे घोषित हुए 26 दिन बीत चुके हैं, फिर भी चुनाव के बाद होने वाली हिंसा बिना किसी रोक-टोक के जारी है। इन गुंडों को थाने के बाहर इकट्ठा होने की इजाजत कैसे दी गई।

■ पार्टी कार्यकर्ताओं ने हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

### अभिषेक बनर्जी पर हमले के मामले में छह गिरफ्तार

**कोलकाता।** दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इलाके से जुटाए गए वीडियो फुटेज के जरिये आरोपियों की पहचान की गई। सोनारपुर पुलिस ने इस घटना के संबंध में स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने के बाद यह गिरफ्तारियां की हैं।

# राहुल ने की CBSE स्टूडेंट्स से बातचीत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई 12वीं क्लास के छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर छात्रों से बातचीत का वीडियो पोस्ट किया और ऑन- स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) में गड़बड़ियों को लेकर केंद्र पर निशाना साधा।

वीडियो में राहुल ने छात्रों से उनकी परेशानी के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स ने सीबीएसई और मोदी सरकार से सिर्फ कुछ आसान सवाल पूछे थे, लेकिन जवाब के बजाय उनका अपमान किया गया। उन्हें एंटी-नेशनल, जासूस और आतंकवाद जैसे नाम दिए गए। राहुल ने जिन छात्रों से बात की, उनमें वेदांत भी शामिल थे। वेदांत की एक पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें उसने कहा था कि री-इवैल्यूएशन के दौरान पोर्टल पर जो स्कैन की गई कॉपी अपलोड की गई, वे उनकी नहीं थीं। वेदांत के बाद कई अन्य छात्रों ने भी ऐसी शिकायतें कीं। इससे पहले राहुल ने 30 मई को भी परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर सरकार से सवाल किए थे। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा कि नीट, सीबीएसई, एसएससी और सीयूईटी एक करोड़ बच्चे और 4 परीक्षाएं। एक भी ईमानदारी से नहीं हो पाई। उन्होंने आगे कहा कि सरकार विश्वगुरु बनने के दावे करती है, मगर देश में एक परीक्षा नहीं करवा सकती। पूरी शिक्षा व्यवस्था तबाह कर दी है। सरकार जिस पीढ़ी का भविष्य बर्बाद कर रही है, वही पीढ़ी हिसाब करेगी।



■ स्टूडेंट्स बोले: केंद्र सरकार और सीबीएसई से सवाल किए, तो एंटी-नेशनल और आतंकी कहा गया




## दो दिन में 100 मीटर का नेशनल रिकॉर्ड तीन बार टूटा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में गर्मी को लेकर बात की। पीएम ने कहा कि हमारे यहां गर्मी से लड़ने का तरीका कई बार रसोई में भी मिलता है।

आपने भी देखा होगा जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, वैसे-वैसे घर की रसोई का स्वाद बदल जाता है। पीएम ने कार्यक्रम में इस वक्त देश के दो चर्चित एथलीट की भी बात की। पीएम ने कहा कि एक इवेंट जिसकी देशभर में बहुत चर्चा हो रही है, वह है 100 मीटर की रेस। महज दो दिनों के भीतर मेंस 100 मीटर रेस में नेशनल रिकॉर्ड तीन बार टूटा। दो एथलीट्स ने ये कमाल दिखाया है।

■ पीएम ने मन की बात में की गर्मी को लेकर बात

## दिल्ली: साकेत बिल्डिंग हादसे में अब तक छह लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत इलाके में शनिवार शाम पांच मंजिला बिल्डिंग गिर गई। जिसमें अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 10 घायलों को एम्स के ट्रामा सेंटर में एडमिट करवाया गया है, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है।

दक्षिणी दिल्ली जिले के डीएसपी अनंत मित्तल ने बताया कि जिस जगह मलबा गिरा, वहां मेडिकल स्टूडेंट्स की कैंटीन थी। इसके चलते कई स्टूडेंट्स मलबे में दब गए थे। पुलिस और बचाव दलों ने अब तक करीब 12 लोगों को बाहर निकाला है। एनडीआरफ, फायर सर्विस और दिल्ली पुलिस संयुक्त रूप से अभी भी राहत और बचाव अभियान चला रहे हैं।

■ 10 घायल, दो की हालत गंभीर

# यूपी सहित आठ राज्यों में पारा 40 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, बिहार और ओडिशा में पिछले 15 दिन से चल रही भीषण गर्मी से राहत मिली है।

आंधी, बारिश और ओले गिरने से इन राज्यों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, राजस्थान समेत 8 राज्यों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड में खराब मौसम के कारण केदारनाथ यात्रा 3 घंटे तक रुकी रही। हालांकि, शनिवार को देश के 36 शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। महाराष्ट्र के विदर्भ में तापमान अभी भी 44 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है। यहां का चंद्रपुर ( चांदा ) 44.8डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ देश में सबसे गर्म रहा। शनिवार को राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में शनिवार दोपहर 3 बजे रेतीला तूफान आया। इसका असर करीब 200 वर्ग किलोमीटर के इलाके में रहा। इस रेतीले तूफान की शुरुआत हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर से हुई थी। बवंडर को पाकिस्तान की ओर से उठी तेज धूलभरी हवाओं ने रफ्तार दी थी। इस दौरान 56 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली।

**खराब मौसम से केदारनाथ यात्रा तीन घंटे रुकी रही, बीकानेर-जयपुर में रेतीले तूफान का अलर्ट**



CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### टीएमसी सांसद बनर्जी पर हमले की सपा ने की निंदा

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में चंडीतला पुलिस स्टेशन के सामने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। इस दौरान टीएमसी सांसद पर हमले का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार कल्याण बनर्जी अभिषेक बनर्जी पर हुए कथित हमले और गिरफ्तार टीएमसी नेताओं व कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर चंडीतला थाना ज्ञापन देने पहुंचे थे। ज्ञापन सौंपने से पहले ही टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नारेबाजी शुरू हो गई। टीएमसी सांसद ने आरोप लगाया कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया और उनके सिर पर पत्थर या गेंद जैसी वस्तु मारकर चोट पहुंचाई। वहीं भाजपा का कहना है कि कल्याण बनर्जी घायल नहीं हुए हैं और वह सिर्फ ड्रामा कर रहे हैं।

### अहिल्याबाई की जयंती पर मायावती ने किया नमन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने देश की महान शासिका अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में मायावती ने अहिल्याबाई होलकर को 'न्यायप्रिय, धर्मनिरपेक्ष एवं लोक कल्याणकारी महान शासक' बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास की महान शासिका अहिल्याबाई होलकर ने अपने आदर्शों, सेवा-भाव और जनहितकारी कार्यों से समाज को नई दिशा प्रदान की। मायावती ने अहिल्याबाई के जीवन को 'नारी शक्ति, सुशासन, सामाजिक समरसता एवं जनसेवा का प्रेरणा स्रोत' करार दिया।

### योगी ने गाजियाबाद समेत पांच जिलों के अधिकारियों के साथ की मीटिंग

# अपराध नहीं रुके, तो कार्रवाई को रहें तैयार: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो



- लखनऊ, वाराणसी, नोएडा, जौनपुर और गाजियाबाद में हुई हैं हत्या की घटनाएं
- योगी ने पुलिस अफसरों को तलब कर जमकर क्लास ली

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति लागू की है। सरकार की तरफ से लगातार यह दावा किया जा रहा है कि यूपी से अपराधी दूसरे राज्यों में भाग गए हैं, लेकिन हाल की घटनाएं इस पर सवाल उठा रही हैं।

अपराधियों ने पिछले कुछ दिनों में यूपी में जमकर तांडव किया है, तमाम हत्याएं हुई हैं। लगातार कुछ बड़ी आपराधिक घटनाओं से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी खफा हैं। उन्होंने शनिवार को अचानक ही ज्यादा अपराध वाले जिलों के पुलिस अधिकारियों को तलब कर लिया और उनकी जमकर क्लास ली। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने सख्त हिदायत दी की आपराधिक घटनाओं को रोका नहीं, तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में गाजियाबाद, वाराणसी, लखनऊ और नोएडा के जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर मौजूद रहे। बागपत, गाजीपुर, पीलीभीत और जौनपुर के डीएम और कप्तान भी ऑनलाइन मीटिंग में जुड़े। मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों हत्या की जो बड़ी वारदातें हुईं, उसे लेकर अधिकारियों से जवाब तलब किया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की हत्या का संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। वाराणसी में व्यापारी मनीष सिंह की हत्या, नोएडा के जेवर में गोपाल शर्मा की हत्या, गाजीपुर में होटल कारोबारी की हत्या के साथ ही जौनपुर में दूल्हे की हत्या, गाजियाबाद में सूर्य चौहान की हत्या, पीलीभीत में स्कूल संचालक की हत्या और बागपत में मैकेनिक की हत्या की घटनाओं से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहुत ही ज्यादा नाराज हुए। जैसे ही बैठक खत्म हुई, लखनऊ के पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सिंह सेंगर ने विभूति खंड के इंस्पेक्टर अमर सिंह और गोमती नगर के इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर दिया, साथ ही एसीपी विभूति खंड विनय द्विवेदी को भी हटाने की कार्रवाई की। सौम्या पांडेय को यहां की कमान सौंप दी।

### साकेत हादसे के बाद दो अफसर सस्पेंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली के साकेत मेट्रो स्टेशन के पास बिल्डिंग गिरने की घटना स्थल का दौरा किया और राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से रेस्क्यू ऑपरेशन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचाव अभियान में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। वहीं इस हादसे में लापरवाही बरतने वाले दो अफसरों को सस्पेंड भी कर दिया है। सीएम ने विभिन्न अस्पतालों में भर्ती घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी घायलों को निशुल्क और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। एनडीआरएफ, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, जिला प्रशासन, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिविल डिफेंस और अन्य एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली।

# सरकार ने पांच साल में भरीं माध्यमिक शिक्षा की सीटें

लखनऊ, वार्ता

- 33401 सीटों पर नियुक्ति होने से खत्म हुआ भर्ती का संकट

उत्तर प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से लंबित भर्ती प्रक्रिया को योगी आदित्यनाथ सरकार ने मिशन मोड में पूरा कर व्यवस्था को नया संबल दिया है।

अप्रैल 2017 से 2022 तक उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड ने प्रधानाचार्य, प्रवक्ता और प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के कुल 33,401 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी की। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2012 से 2017 तक माध्यमिक शिक्षा में भर्ती प्रक्रिया लगभग ठप रही। इसके चलते विद्यालयों में हजारों पद रिक्त हो गए और विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी का सीधा असर पढ़ाई की गुणवत्ता पर पड़ा। योगी सरकार के गठन के बाद भर्ती को प्राथमिकता दी गई। पारदर्शी और मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया अपनाते हुए अब तक प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) 27,297, प्रवक्ता 5,321 और प्रधानाचार्य के 783 पदों पर नियुक्ति हुई है। बड़ी संख्या में शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की नियुक्ति से स्कूलों में शैक्षणिक नेतृत्व मजबूत हुआ है।

अधिकारियों का कहना है कि इससे शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में गति आई है और स्मार्ट क्लास, प्ब्ज लैब, विज्ञान-कंप्यूटर प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण जैसी पहलों को लागू करने में मदद मिली है। अधिकारियों के मुताबिक, रिक्त पदों को भरने के साथ नकलविहीन परीक्षा प्रणाली और डिजिटल शिक्षा पर जोर देकर माध्यमिक शिक्षा के आधार को और मजबूत किया गया है।

# यूपी स्वास्थ्य विभाग में हुआ बड़ा फेरबदल

लखनऊ, वार्ता

- डा. सचिन चन्द्र वैश्य गाजियाबाद के सीएमओ

यूपी सरकार की ट्रांसफर पॉलिसी के आखिरी दिन 31 मई यानी आज तक ही विभागीय तबादले होंगे। इसी के तहत चिकित्सा विभाग में भी बड़े स्तर पर ट्रांसफर किए गए हैं। प्रदेश के 23 जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को उनके स्थान से हटाकर नए स्थान पर तैनाती दी गई है। विशेष सचिव रवि रंजन की तरफ से सीएमओ के ट्रांसफर संबंधी आदेश जारी किए गए हैं।

डा. विकास शर्मा को बदायूं, डा. विनय कुमार को महोबा, डा. वेद प्रकाश को हाथरस, डा. सचिन चन्द्र वैश्य को गाजियाबाद, डा. सुखरंजन समदर को सीतापुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डा. अवधेश कुमार यादव को कानपुर सीएमओ की जिम्मेदारी दी गई है। डा. हरिनंदन प्रसाद को जालौन का सीएमओ बनाया गया है। डा. नीरज त्यागी को ज्वाइंट डायरेक्टर आगरा बनाकर भेजा गया है। डा. रमेश कुमार मिश्रा को सोनभद्र का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डा. रंजन गौतम अब बाराबंकी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी होंगे। डा. अजय कुमार शर्मा को उन्नाव के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डा. अभय नारायण राय बलिया के सीएमओ होंगे। डा. अल्का शुक्ला को हमीरपुर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डा. उदयभान सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी फतेहपुर होंगे। डा. किशोर कुमार आहूजा हापुड़ के सीएमओ बनाए गए हैं।

# हिमाचल नगर निगम में भाजपा का परचम

शिमला, वार्ता



- मंडी, धर्मशाला, सोलन में शानदार जीत दर्ज की, कांग्रेस का पालमपुर पर कब्जा बरकरार

हिमाचल प्रदेश में रविवार को घोषित हुए नगर निगम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के चार नगर निगमों में से तीन में शानदार जीत दर्ज की और मंडी, धर्मशाला एवं सोलन पर कब्जा जमाया जबकि सत्तारूढ़ कांग्रेस पालमपुर में अपनी सीट बरकरार रखने में कामयाब रही।

इस परिणाम को मुख्यमंत्री सुखिवदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार और विपक्षी भाजपा के बीच 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले एक महत्वपूर्ण राजनीतिक रस्साकस्सी के रूप में देखा जा रहा है। हाल ही में संपन्न हुए नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों के विपरीत चारों नगर निगमों के चुनाव पार्टी चिन्हों पर लड़े गए थे। परिणामों के अनुसार भाजपा ने मंडी, धर्मशाला और सोलन नगर निगमों में स्पष्ट बहुमत प्राप्त कर लिया है जिससे राज्य में पार्टी का शहरी आधार मजबूत हुआ है। हालांकि, पालमपुर नगर निगम में कांग्रेस विजई रही, जिससे विपक्ष की पूर्ण विजय टल गई। ये नतीजे शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के दो सप्ताह बाद आए हैं, जिनमें भाजपा और कांग्रेस दोनों ने 25 नगर परिषदों और 22 नगर पंचायतों में जीत का दावा किया था, जहां चुनाव पार्टी लाइनों पर नहीं लड़े गए थे। नगर निगम चुनाव को ज्यादा प्रत्यक्ष राजनीतिक परीक्षा माना जा रहा है, क्योंकि उम्मीदवारों ने आधिकारिक पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ा था। जहां एक ओर मंडी, धर्मशाला और सोलन जैसे प्रमुख शहरों में भाजपा ने अपना समर्थन मजबूत किया है, वहीं पालमपुर में कांग्रेस के प्रदर्शन से संकेत मिलता है कि सत्ता विरोधी लहर का सामना करने के बावजूद सत्तारूढ़ पार्टी कुछ क्षेत्रों में अपना प्रभाव बनाए हुए है। नगर निगम चुनावों में भारी मतदान हुआ, जिसमें 17 मई को चारों नगर निगमों में 63.65 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। सभी नगर निगमों में पालमपुर में सबसे अधिक 68.97 प्रतिशत मतदान हुआ उसके बाद मंडी में 68.78 प्रतिशत एवं धर्मशाला में 60.01 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि सोलन में सबसे कम 58.32 प्रतिशत मतदान हुआ। इन नतीजों से राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है और दोनों प्रमुख दल इस फैसले को भविष्य के चुनावी मुकाबलों से पहले जनता की भावनाओं के संकेत के रूप में देख सकते हैं।

# ग्रामीण युवाओं को अब सिर्फ हुनर नहीं, व्यक्तित्व भी निखारेगा कौशल मिशन का नया कैलेंडर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण युवाओं को रोजगार के लिए सिर्फ तकनीकी प्रशिक्षण देने तक सीमित न रखते हुए अब उनके व्यक्तित्व विकास पर भी फोकस शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत चलने वाले सभी आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के लिए सालभर का गतिविधि कैलेंडर जारी किया है। इस कैलेंडर के तहत हर महीने राष्ट्रीय दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता, उद्यमिता सत्र, डिजिटल साक्षरता और करियर वर्कशॉप आयोजित होंगे। करियर काउंसलिंग से लेकर अंग्रेजी बोलने और रिज्यूम बनाने की ट्रेनिग तक, युवाओं को कॉरपोरेट माहौल के हिंसाब से तैयार किया जाएगा। कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि अब ग्रामीण युवा सिर्फ तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि संवाद, नेतृत्व और आत्मविश्वास से भी सशक्त बनेंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार हर केंद्र में सांस्कृतिक, खेल, डिजिटल, साहित्य, पर्यावरण और उद्यमिता जैसे छह क्लब अनिवार्य होंगे, जिनमें छात्राओं और दिव्यांग प्रशिक्षुओं की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। कौशल मिशन का यह कदम युवाओं के लिए रोजगार के दरवाजे खोलने के साथ आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में बड़ी पहल मानी जा रही है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


संसेक्स 74775.74
निफ्टी 23547.75


सोना 156000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार


चांदी रु. 263000
प्रति किलो



# वैश्विक कारकों के साथ घरेलू आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

मुंबई, वार्ता



बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों के अलावा कुछ महत्वपूर्ण घरेलू आंकड़ों पर भी रहेगी।

पश्चिम एशिया संकट का असर तो शेयर बाजारों पर दिखेगा ही, मानसून की प्रगति, अप्रैल के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े, मई के पीएमआई के आंकड़े और वित्त वर्ष 2025.26 के जीडीपी के आंकड़े निवेश धारणा को काफी प्रभावित करेंगे। इसके अलावा रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद शुक्रवार को जारी बयान भी बाजार को दिशा देंगे। गत सप्ताह 28 मई को बकरीद का अवकाश होने के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। मौसम विभाग की कमजोर मानसून की भविष्यवाणी से शुक्रवार को बीएसई का सेंसेक्स लगभग 1,100 अंक लुढ़क गया। कुल मिलाकर चार दिन में यह 639.61 अंक यानी 0.85 प्रतिशत टूटा और सप्ताहांत पर 74,775.74 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 123.25 अंक (0.52 प्रतिशत) की गिरावट में शुक्रवार को 23,547.75 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में निवेशकों का विश्वास बना रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.07 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में सप्ताह के दौरान 19 कंपनियों के शेयर गिरावट में रहे। आईटीसी ने सबसे ज्यादा 4.89 प्रतिशत का नुकसान उठाया। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.82 फीसदी, टीसीएस का 2.73, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.55, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.51, सन फार्मा का 2.40 और भारती एयरटेल का 2.23 प्रतिशत गिर गया। पावर ग्रिड में 1.56 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.54, ट्रेंट में 1.52, बीईएल में 1.36, बजाज फाइनेंस में 1.27, इंफोसिस में 1.25 और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.09 प्रतिशत की गिरावट रही। इंडिगो, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी के शेयर भी नीचे बंद हुए। टेक महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 4.32 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी में 3.81 फीसदी और इटरनल में 3.70 फीसदी की तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.77 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 1.57, एशियन पेंट्स का 1.26, बजाज फिनसर्व का 1.10 और मारुति सुजुकी तथा अडानी पोर्ट्स दोनों के शेयर 1.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुए।

# चावल में साप्ताहिक गिरावट, दालों खाद्य तेलों के भाव में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव गिर गया। गेहूं और चीनी के भाव लगभग अपरिवर्तित रहे जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 12 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,837 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,794 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे का भाव छह रुपये बढ़कर 3,278 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान मसूर दाल की औसत कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 21 रुपये और 13 तुअर दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल 29 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। बीते सप्ताह सरसों तेल की कीमत 91 रुपये और सोया तेल की 47 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 12 रुपये और सूरजमुखी तेल सात रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल 19 रुपये और मूंगफली तेल 11 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 10 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। चीनी में कमोबेश टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7715.56 रुपये, मसूर काली 8100.31 रुपये, मूंग दाल 10192.26 रुपये, उड़द दाल 10854.15 रुपये, तुअर दाल 11256.56 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2794.07 रुपये और चावल 3837.40 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3278.05 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4347.04 रुपये और गुड़ 5072.99 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 18057.66 रुपये, मूंगफली तेल 19045.74 रुपये, सूरजमुखी तेल 17550.03 रुपये, सोया तेल 15116.33 रुपये, पाम ऑयल 13633.84 रुपये और वनस्पति 15141.39 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# कृषि मंत्री ने खेत बचाओ अभियान के शुभारंभ से पूर्व किया वर्चुअल संवाद

नई दिल्ली, वार्ता



- सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की सहभागिता की अपील

मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से एक जून को होने वाले 'खेत बचाओ अभियान' के राष्ट्रीय शुभारंभ से पूर्व, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों, आईसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों और केंद्र व राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मोड में बात करके इस अभियान को जनभागीदारी, वैज्ञानिक दृष्टि और राष्ट्रीय दायित्व के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया कि सिंह ने इस महत्वपूर्ण अभियान में शामिल होने के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से फोन पर चर्चा की और साथ ही वे केंद्रीय मंत्रियों और अन्य सभी जनप्रतिनिधियों से भी सहभागिता की अपील की है। इस अवसर पर चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि धरती को बचाने, खेती का भविष्य सुरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा करने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि बढ़ता तापमान, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का असंतुलित इस्तेमाल, मिड्डी के स्वास्थ्य में गिरावट और बदलते जलवायु संकट खेती के सामने गंभीर चुनौती बनकर खड़े हैं, इसलिए समय रहते व्यापक जागरूकता और हस्तक्षेप जरूरी है। चौहान ने बताया कि एक जून को रायसेन जिले के रामसिया गांव से प्रारंभ हो रहा राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग और मिड्डी परीक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड और प्राकृतिक खेती, फसल चयन और जल संरक्षण, हरी खाद और कम वर्षा की स्थिति में वैकल्पिक कृषि पद्धतियां, नकली खाद, बीज और पेस्टिसाइड की पहचान को लेकर जागरूकता का प्रसार किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल सलाह देना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि खेत स्तर पर डेमो, वैज्ञानिक प्रमाण और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से किसानों का विश्वास मजबूत करना होगा। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि देशभर में 30 जून तक का विस्तृत रोडमैप तैयार किया जाए, जिसमें यह स्पष्ट हो कि कौन अधिकारी, वैज्ञानिक, संस्थान या टीम किस तिथि को किस गांव में जाएगी।

# विकास छोड़ो, तिकड़म लगाओ: बीजेपी एमएलए

**गोपामऊ।** उत्तर प्रदेश के बीजेपी विधायक श्याम प्रकाश ने चुनाव जीतने की वजह सिर्फ विकास काम को नहीं बताया है। विधायक ने ग्राम प्रधानों को साम, दाम, दंड, भेद का इस्तेमाल करके चुनाव जीतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जितने भी संभावित तरीके हैं, आप सबका इस्तेमाल चुनाव जीतने में करिए।

गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक श्याम प्रकाश का मानना है कि चुनाव सिर्फ विकास के काम से नहीं, बल्कि 'तिकड़म' से जीते जाते हैं। उन्होंने कहा कि विकास की वजह से वोट नहीं मिलते, मैंने भी विकास किया है, जिन गांव में मैंने सड़कें बनवाई, उन बूथों से मुझे वोट नहीं मिले। बीजेपी विधायक गांव के प्रधान को चुनाव जीतने का नुस्खा बता रहे थे। बीजेपी विधायक ने ये संबोधन तब किया, जब उत्तर प्रदेश सरकार ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त करने का फैसला किया। उन्होंने अगले चुनाव की तैयारी करने और सभी संभावित तरीकों को अपनाने की बात कही। उनके मुताबिक आप साम, दाम, दंड, भेद का इस्तेमाल करके चुनाव जीतें। निवर्तमान प्रधान, नई ग्राम पंचायतों के गठन तक या ज्यादा से ज्यादा छह महीने के समय तक पंचायतों के सामान्य प्रशासनिक मामलों को संभालते रहेंगे।

# मदरसा बोर्ड के मेधावी होंगे सम्मानित

## सरकार मौलवी व आलिम के टॉप-3 छात्रों को देगी टैबलेट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अमरोहा की उम्मुल खैर ने टॉप-3 में स्थान बनाया

**लखनऊ।** योगी सरकार वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें से दोनों वर्गों के टॉप-3 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया जाएगा।

इसके लिए जून के पहले सप्ताह में राजधानी लखनऊ में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश सरकार का उद्देश्य मदरसा शिक्षा को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी बनाना है, ताकि अल्पसंख्यक समाज के छात्र-छात्राएं मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। साल 2026 की उप्र. मदरसा बोर्ड परीक्षा में कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था, इसमें से 55,788 छात्रों ने परीक्षा पास की थी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) की मेरिट सूची में टॉप-10 में पांच छात्र और पांच छात्राएं शामिल हैं। सभी टॉप 10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। मुंशी/मौलवी वर्ग में चंदौली के मोहम्मद वसीम ने पहला, मीरजापुर के मोहम्मद कासिम अली ने दूसरा और गोरखपुर की शाइमा परवीन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं आलिम वर्ग में शीर्ष तीनों स्थानों पर छात्राओं ने कब्जा जमाया। वाराणसी की जुमी फरीन और शाइस्ता परवीन के साथ अमरोहा की उम्मुल खैर ने टॉप-3 में स्थान बनाया है। इन छात्र-छात्राओं को टैबलेट से सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश सरकार लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है कि अल्पसंख्यक समाज के छात्र आधुनिक शिक्षा से जुड़ें और समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए एक हाथ में कुरान और एक हाथ में कंप्यूटर के विजन को राज्य सरकार जमीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में मदरसों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और आधुनिक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि योगी सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मदरसा शिक्षा केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में गरीब मुस्लिम परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं।

# दोस्तों संग नहाने गया छात्र नहर में डूबा

## भांजे की शादी में आया था युवक, मचा कोहराम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**।दोस्तों के साथ रामगंगा पोषक नहर में नहाने गया बिजनौर निवासी कक्षा दस का 15 वर्षीय छात्र रेहान गहरे पानी में डूब गया। हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया, शुरुआत में काफी तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। फिलहाल, स्थानीय गोताखोरों द्वारा छात्र की तलाश की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक बिजनौर जिले के हल्दौर निवासी पेशे से ऑटो चालक इमरान की शादी कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती की रहने वाली जरीसा से हुई है। परिवार में तीन बेटे सहबान, फरमान, रेहान व एक बेटी लायबा है। 15 वर्षीय बेटा रेहान बिजनौर के ही एक स्कूल में कक्षा दस का छात्र है। जरीसा के भतीजे की शादी है, सोमवार को उसकी बारात जानी है। शादी में शामिल होने के लिए वह बच्चों के साथ भाई के घर आई हुई थी। बताते हैं कि रविवार दोपहर लगभग तीन बजे रेहान नई बस्ती के रहने वाले तीन लड़कों के साथ क्षेत्र में बीलना पुल के नीचे रामगंगा पोषक नहर में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहराई की तरफ चला गया और पानी का तेज बहाव उसे अपने साथ बहा ले गया। रेहान को डूबता हुआ देख घबराए लड़कों ने तुरंत घर पहुंचकर परिजनों को हादसे की जानकारी दी। खबर मिलते ही बदहवास परिजन नहर पर पहुंच गए, स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर नहर में काफी तलाश कराई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि किशोर के डूबने की सूचना पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। एसडीआरएफ टीम को बुलाते हुए सर्च ऑपरेशन शुरू कराया जा रहा है।

# पत्नी से विवाद पर गुड़ विक्रेता ने लगाई फांसी

## पांच माह पहले किया था प्रेम विवाह, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गुड़ विक्रेता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक ने पांच माह पहले ही एक युवती से प्रेम विवाह किया था। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिये शव को अपने साथ ले गये। बताया जाता है कि मृतक बीते दिन पत्नी को बुलाने ससुराल गया जहां उसका पत्नी से कुछ विवाद हुआ था।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक अमरोहा शहर में फेरी लगाकर गुड़ बेचता था। यहीं पर किराए का मकान लेकर रहता था। पांच महीना पहले उसने मुरादाबाद जिले के एक गांव निवासी युवती से प्रेम विवाह किया था। बकरीद पर पत्नी मायके गई थी। शनिवार को वह पत्नी को बुलाने ससुराल गया था। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर दंपति में विवाद हो गया था। जिसके बाद वह वापस घर लौट आया था। रात में किसी समय घर में ही फंदे पर लटक कर युवक ने जान दे दी। रविवार सुबह पास में रहने वाले लोगों ने देखा कि युवक सोकर नहीं उठा तो घर में जाकर देखा। उसका शव फंदे पर लटका हुआ था। सूचना मिलते ही परिजन भी आ गए तथा बगैर पुलिस को सूचना दिए शव को गांव ले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने घटना की जानकारी से इनकार किया है।

# याकूब को फंसाने की साजिश में दोस्त के पैर में मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। लिसड़ी चौराहे के पास हुए कथित गोलीकांड का ऐसा खुलासा हुआ है, जिसने पुलिस को भी चौंका दिया। जिस घटना को पुरानी रंजिश में हमला बताकर पुलिस को सूचना दी गई थी, वह दरअसल एक सुनियोजित साजिश निकली। आरोप है कि गांव के एक परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए छह लोगों ने मिलकर पूरी पटकथा लिखी थी। पहले हवा में फायरिंग कर हमला दिखाने की योजना बनी, लेकिन बाद में साजिशकर्ताओं ने अपने ही साथी के पैर में गोली मार दी ताकि मामला ज्यादा मजबूत दिखाई दे। पुलिस के अनुसार अमरपाल ने बताया कि गांव निवासी फरमान का अपने रिश्तेदार याकूब से लंबे समय से विवाद चल रहा है। याकूब और उसके परिवार को कानूनी शिकंजे में फंसाने के लिए फरमान, मंगल सैनी, इसरत, जमील और इदरीश ने मिलकर झूठी घटना रचने की योजना बनाई थी। अमरपाल को भी इसमें शामिल किया गया था और उसे पैसे का लालच दिया गया था। अगले दिन जब पुलिस ने सूचना देने वाले मंगल सैनी से पूछताछ की तो उसके बयान बार-बार बदलते रहे। पुलिस को शक हुआ और बताए गए घटनास्थल की जांच की गई। वहां न तो खून के निशान मिले और न ही गोलीबारी के कोई सबूत। इसके बाद सख्ती से पूछताछ करने पर पूरा षड्यंत्र सामने आ गया।

# ससुराल वालों ने दिया जहर, बच्चों का ध्यान रखना

## मरने से पहले ससुरालियों पर लगाये आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव जिवाई की एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत से पहले विवाहिता ने अपनी बहन और भाभी के सामने जो आरोप लगाए, उन्होंने पूरे मामले को गंभीर बना दिया। मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने पहले उसके साथ मारपीट की और फिर जहर देकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पति, देवर, सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव जिवाई निवासी मजदूर मोहम्मद खालिद ने अपनी पुत्री महरबी का निकाह करीब चार वर्ष पूर्व डिडौली क्षेत्र के गांव गंगदासपुर निवासी शाहिद के पुत्र बब्लू के साथ किया था। विवाहिता के दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक पुत्र और एक पुत्री शामिल हैं। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर महरबी का उत्पीड़न करने लगे थे। आए दिन उसे ताने दिए जाते थे और मायके से नकदी व अन्य सामान लाने का दबाव बनाया जाता था। परिजनों के मुताबिक करीब एक माह पहले भी महरबी के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया था। इसके बाद वह अपने मायके में रह रही थी। बाद में रिश्तेदारों और गांव के लोगों की पंचायत हुई, जिसमें समझौता कराकर उसे दोबारा

### ■ पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

ससुराल भेज दिया गया। शनिवार को अचानक महरबी की तबीयत बिगड़ गई। उसे पाकबड़ा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर उसकी छोटी बहन शायमा और भाभी अमिरूल अस्पताल पहुंचीं। आरोप है कि अस्पताल में उपचार के दौरान महरबी ने दोनों से कहा कि उसके पति बब्लू, देवर बाबू, सास भूरी और ससुर शाहिद ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की और फिर जहर दे दिया। उसने यह भी कहा कि उसके पिता से कहना कि उसके दोनों बच्चों का ध्यान रखें। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मुरादाबाद के एक अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। विवाहिता की मौत की खबर मिलते ही मायके पक्ष में को. हराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता मोहम्मद खालिद की तहरीर पर पति बब्लू, देवर बाबू, सास भूरी और ससुर शाहिद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न एवं अन्य संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# रोटी लेने गई किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप

## विरोध पर मामा को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात**। ननिहाल आई 13 वर्षीय किशोरी से एक दुकानदार द्वारा छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगने के बाद विवाद खड़ा हो गया। किशोरी के मामा द्वारा शिकायत करने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि दुकानदार व उसके साथियों ने मामा पर रॉड से हमला कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष ने भी मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच कर रही है।

मामला कस्बा नौगावां सादात के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति की भांजी छुट्टियों में ननिहाल आई हुई है। शनिवार शाम 13 वर्षीय किशोरी मोहल्ले में ही एक दुकान से रोटी लेने गई थी। आरोप है कि दुक. ानदार ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। पैसे देने के लिए दुकान के भीतर आने का दबाव बनाया गया। घबराकर किशोरी ने बिना रोटी लिए घर लौट आई और मामा को घटना की जानकारी दी। जिस पर मामा शिकायत करने दुकानदार के पास गया था। बताया जा रहा है वहां पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि दुकानदार ने साथियों के साथ मिलकर किशोरी के मामा पर राड से हमला कर दिया। चीखने पर स्थानीय लोगों ने उसे बचाया। घायल युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी हमला करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने घटना की जांच के बाद मामले में कार्रवाई की बात कही।

# युवक पर हमले में सात के खिलाफ मुकदमा

## पैट्रोल पम्प पर हुआ था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव नरथो निवासी युवक के साथ पेट्रोल पंप पर हुए विवाद के बाद गांव में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सात नामजद आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव नरथो निवासी मुहम्मद नकी शनिवार शाम वह हरियाना स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर खड़ा था। आरोप है कि उसी दौरान गांव के शाहनवाज, शाने आलम तथा उनके साथ मौजूद तीन-चार अन्य लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपितों ने उसे धमकाते हुए गांव में सबक सिखाने की बात कही और वहां से चले गए।उसी रात गांव पहुंचने पर शाहनवाज, शाने आलम, नहीम, अनीस, तौसीफ, महाराजुल तथा असलम ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की।मारपीट में मुहम्मद नकी घायल हो गए।शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मुहम्मद नकी की तहरीर के आधार पर सातों आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घायल को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बीएड प्रवेश परीक्षा से 279 अभ्यर्थी रहे नदारद

## नगर के छह केन्द्रों पर सम्पन्न हुई परीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा जिले के छह परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। परीक्षा में पंजीकृत 2554 अभ्यर्थियों में से 2275 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि कुल 279 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में 279 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में 280 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अभ्यर्थियों को सघन जांच के बाद ही केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा की निगरानी के लिए प्रशासन द्वारा 150 स्टैटिक मजिस्ट्रेटों के अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट, उड़नदस्तों और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई थी। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी लगातार निगरानी रखी गई। परीक्षा नगर के जेएस डिग्री कालेज, जेएस हिन्दू इंटर कालेज, आईएम इंटर कालेज, जीजीआईसी तथा कुंदन माडल इंटर कालेज में आयोजित करायी गयी। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। प्रशास. निक अधिकारियों के अनुसार जिले के सभी छह केंद्रों पर परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी केंद्रों से शांतिपूर्वक रवाना हुए।

# बुजुर्गों की तालीम व किरदार को अपनायें लोग

## हजरत शाह अब्बन के उर्स में सेमिनार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सूफी बुजुर्ग हजरत पीर शाह अब्बन बदरे चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के 461।वे उर्स मुबारक पर शनिवार की रात टीपी नगर चौराहे पर हजरत इमाम अली रजा की शान में राष्ट्रीय स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की शुरुआत कारी मोहम्मद यासिर ने तिलावते कलामे ए इलाही से की जबकि बारगाहे रिसालत में नात पाक का नजराना हुमायूँ हैदर ने पेश किया। डॉ. मिसबाह अहमद सिद्दीकी ने हजरत शाह अब्बन बदरे चिश्ती द्वारा की गई इस्लाम की खिदमत जिक्र करते हुए आपकी ओलाद व सिलसिले से जुड़ी जानकारी साझा की। प्रोफसर डॉ. महताब ने हिंदू समाज में सूफियों के प्रभाव पर ख्यालात इजहार करते कहा कि सूफियों ने हमेशा मजहब, जाति के साथ ऊंच नीच खत्म करते हुए एक सभ्य और सुंदर समाज बनाने पर जोर दिया। हिंदुस्तान में जिसकी शुरुआत ख्वाजा मोइनुद्दीन अजमेरी ने की। सूफी मिशन के चेयरमैन डॉ. माजिद देवबंदी ने जहां सूफिज्म की असली तस्वीर को सामने रखा तो दिल्ली से आये मुख्तार अशरफी ने बुजुर्गों की तालीम ,किरदार और अखघ्लाकघ्को अपनाने की अपील लोगो से की। अध्यक्षता असद मुस्तफा रिजवी तथा संचालन अंजुमन सादात ए रिजविया के जनरल सेक्ट्री उवैस मुस्तफा रिजवी ने किया। सज्जादानशीन मसूद आलम ने मुल्क में अमन व कौम की खुशहाली की दुआ कराई। इस अवसर पर अली इमाम रिजवी, खुर्रम हसन, मेराज हुसैन, हादी अजीम जाफरी, हाजी खुर्शीद अनवर, शाहब रिजवी , जैद रिजवी, यासिर अंसारी आदि मौजूद रहे।

# बीमार पशुओं का तत्काल इलाज कराने के निर्देश

## डीएम ने किया गौशाला का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पशुओं की विशेष देखभाल सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें समय पर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी और चारा उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी पशु को गर्मी के कारण परेशानी न हो।

रविवार को विकासखंड हसनपुर के ग्राम फूलपुर बिजलपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में भूसे की उपलब्धता पर्याप्त पाई गई। जिलाधिकारी ने खली एवं चोकर के भंडारण की भी जांच की और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुओं को केवल सूखा भूसा न दिया जाए, बल्कि भूसे में खली, चोकर और हरा चारा मिलाकर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने गौशाला परिसर में बने टीन शेड के एक क्षतिग्रस्त पिलर को देखकर खंड विकास अधिकारी को उसे शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पशुओं की विशेष देखभाल सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें समय पर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी और चारा उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी पशु को गर्मी के कारण परेशानी न हो। इस दौरान उप जिलाधिकारी हसनपुर, खंड विकास अधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# चलती बाइक से गिरकर महिला की मौत

## बेटी के घर जाते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बेटी की ससुराल जा रही महिला की बाइक से गिर मौत हो गयी। घटना के बाद परिवार में को. हराम मचा है। मृतका के पति की भी पांच माह पूर्व बीमारी के चलते मौत हो चुकी थी।

जानकारी के अनुसार हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई में किसान अच्छन का परिवार रहता है। पांच महीने पहले बीमारी के चलते उनकी मृत्यु हो गई थी। परिवार में 55 वर्षीय पत्नी मजीदन के अलावा पांच बेटे हैं। बेटियों की शादी हो चुकी है। रविवार सुबह मजीदन अपने बेटे नबी अली के साथ गजरौला होते हुए रजबपुर थाना क्षेत्र मदीपुरा समदपुर स्थित बेटी अफरोज की ससुराल आ रही थीं। बताते हैं कि अभी इनकी बाइक क्षेत्र में ही यगबगड़ी के पास पहुंची थी कि अचानक तेज झटका लगने से मजीदन बाइक से गिरकर घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया कि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# चिराग हत्याकांड में शामिल दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

## पूर्व राज्यसभा सदस्य केसी त्यागी ने की पत्राकार वार्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद केसी त्यागी ने कहा कि गाजियाबाद में राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी चिराग त्यागी की हत्या मन को झकझोरने वाली है। सरकार का हिस्सा होने के नाते राष्ट्रीय लोकदल भी चाहता है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और पीड़ित परिवार को न्याय मिले और दोषियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये।

रविवार को नगर के मुहल्ला विजयनगर में मनीष त्यागी के आवास पर रालोद नेता केसी त्यागी का स्वागत हुआ। इस दौरान आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा की , हाल ही में गाजियाबाद क्षेत्र में राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी चिराग त्यागी की घटना बहुत व्यथित करने वाली है। इसीलिए पुलिस जल्द से जल्द मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों को गिरफ्तार करके कड़ी सजा दिलाने का काम करे। कहा कि इस मामले को लेकर समाज में भारी आक्रोश है और सरकार को किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए। कहा कि अन्याय के खिलाफ देश में बड़े आंदोलन होते रहे हैं और जरूरत पड़ी तो वैसा ही संघर्ष फिर खड़ा किया जाएगा। श्री त्यागी ने गाजियाबाद में युवक सूर्या चौहान हत्याकांड पर भी दुख जताते हुए कहा कि एक निर्दोष युवक की जान चली गई। अपराध और संगठित गिरोहों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि कानून का राज कायम रह सके। इस मौके पर मनीष त्यागी, विवेक सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, विवेक सिंह आदि मौजूद रहे।

# छात्र नेता के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर निवासी एक छात्र नेता के साथ पिता-पुत्र समेत चार लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट की और सिर में तमंचे की बट मार कर घायल कर दिया। छात्र नेता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला तिगरिया भूड़ निवासी छात्र नेता अजय भाटी उर्फ छोटू भाटी शनिवार की शाम करीब आठ बजे मुहल्ले में ही स्थित एक मेडिकल से दवाई लेने गए थे। आरोप है कि इस दौरान मुहल्ले के ही निवासी अर्पन नागर व उसके पिता विरेन्द्र ने उज्ज्वल व ऋषभ के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट की और सिर में तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी

### ■ चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अर्पन, विरेन्द्र, उज्ज्वल एवं ऋषभ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं थाना क्षेत्र के गांव शीशोवाली में किसान डालचंद को गांव निवासी चरन सिंह व उसके पुत्र अशोक ने लाठी-डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## गंगाधाम तिगरी व ब्रजघाट में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, हर हर गंगे के उदघोष से गूंजे तट



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा धाम तिगरी व ब्रजघाट में आस्था की डुबकी लगाई और श्रद्धा के साथ गंगा मैया की पूजा अर्चना करके मनोकामनाएं मांगी। पुरोहितों से धार्मिक अनुष्ठान कराते हुए उन्हें दान-दक्षिणा भी भेंट की। जरूरमतदों को भी वस्त्र व नकद धनराशि का दान किया।

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर स्नान के लिए शनिवार की शाम से ही ब्रजघाट में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ ही हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़ जनपद तक के श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट में पहुंचना शुरू कर दिया था। रविवार की भोर से ही श्रद्धालुओं ने आस्था और श्रद्धा के साथ गंगा तट पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगानी प्रारंभ कर दी थी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पुरोहितों के माध्यम से भगवान सत्यनारायण की कथा सुनकर पुण्य लाभ अर्जित किया और दान-दक्षिणा भेंट की। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने तीर्थ नगरी में स्थित वेदांत मंदिर, अमृत परिसर मंदिर, हनुमान मंदिर, अवन्तिका देवी आदि में मंदिरों में जाकर दर्शन किया। उधर ब्लॉक के गांव तिगरी में भी गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालु पहुंचे। यहां पर ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ रही। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा का हिन्दू धर्म में विशेष महत्तव है। इस दिन गंगा में स्नान करने और जरूरतमंदो को दान देने से घर में सुख-स्मृद्धि आती है। इधर दोनों ही स्थानों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

# सेवा, समर्पण की मिसाल अहिल्याबाई का जीवन

### जयंती पर सपा नेताओं ने किया नमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन त्याग, सेवा और लोककल्याण की मिसाल है। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं।

समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान राजमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की महान शासिका थीं, जिन्होंने करीब 30 वर्षों तक मालवा साम्राज्य का कुशलतापूर्वक शासन किया। नौगावां सादात विधायक चौधरी समरपाल सिंह ने कहा कि उन्होंने देशभर में मंदिरों, घाटों, धर्मशालाओं और जनकल्याणकारी संस्थाओं का निर्माण कराया तथा समाज सेवा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन त्याग, सेवा और लोककल्याण की मिसाल है। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र यादव, चंद्रपाल सैनी, संतराम सिंह यादव, अतीक अहमद, अशोक चौधरी, अरविंद कसाना, कौशिंदर गुर्जर, नितिन कुमार एडवोकेट समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# नजफ-ए-हिंद मुहब्बत का मरकज: नकवी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** नगर के मोहल्ला मजापोता स्थित जिया हैदर नकवी के आवास पर दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द के प्रशासक मौलाना शबाब नकवी का अमरोहा आने पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन सिरसी चौधरी उरूज आलम ने की। संचालन डॉ चन्दन नकवी ने किया। प्रोग्राम का आगाज मौलाना आबिद ने तिलावत ए कलाम ए इलाही से जबकि ताजदार अमरोहवी ने नात का नजराना पेश करते हुए आयोजन को नूरानी बना दिया। जिया हैदर नकवी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी का ये महत्वपूर्ण निर्णय मौलाना शबाब ने दरगाह नजफ ए हिन्द के मकसूसी प्रोग्राम को कामयाब कर दिखा दिया कि उनका निर्णय सही साबित हुआ। इस विश्व प्रसिद्ध दरगाह पर नई जरीह-ए-मुबारक की स्थापना भी मौलाना ने बहुत ही कम समय में कराई। बेहतरीन कार्यों के लिए अकीदतमंदों, उलेमा-ए- किराम और सामाजिक संगठनों ने मौलाना के कार्यों की जमकर तारीफ की है। मौलाना शबाब नकवी अपनी इल्मी काबिलियत, दीनी सूझ-बूझ और जनसेवा के जज्बे के लिए जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में आगे आने वाले समय में भी दरगाह का प्रशासन और मजबूत होगा, पारदर्शिता बढ़ेगी तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलती रहेगी। इस मौके पर मौलाना कौसर मज्तबा, मौलाना फिरोज नकवी, खुर्शीद हैदर जैदी, हसन जिया, आमिर जिया, मुजाहिद अब्बास, आसिफ जिया, आसिफ अकरम, जहुरुल हसनैन, मुराद अली खान, शुजा नकवी, हैदर जिया, अख्तर अब्बास अप्पू, मुसन्निफ हुसैन, ईनाम हुसैन, कसीम सिरसवी, रजा कामिल आदि मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर ने किया सम्पूर्ण मानवता का प्रतिनिधित्व

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती समारोह में मुख्य अतिथि श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य श्री प्रमोदकृष्णम् ने कहा कि, अहिल्याबाई होल्कर किसी जाति, वर्ग विशेष के बंधन में नहीं बांधा जा सकता है, क्योंकि वे पूरी मानवता का प्रतिनिधित्व करती थीं।

**■ जयंती समारोह में पहुंचे आचार्य श्री प्रमोदकृष्णम्**



रविवार को पाल समाज के युवाओं ने कुमराला तिराहे पर स्थित देवी अहिल्याबाई होल्कर के द्वार से रैली निकाली। विधायक राजीव तरारा ने पुष्पवर्षा करके रैली में शामिल लोगों का स्वागत किया। नगर के प्रमुख मार्गों पर घूमने के बाद यह रैली नगर के राम वेंकट हॉल में एक विचार गौष्ठी के रूप में बदल गया। यहां पर मुख्य अतिथि आचार्य श्री प्रमोदकृष्णम् ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री कृष्णम् ने कहा कि होल्कर ने जीवन में अनेकों बाधाओं का सामना करते हुए सनातन और मानवता का प्रतिनिधित्व किया। कहा कि हमें उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेते हुए देश, समाज व मानवता के हितार्थ काम करने चाहियें। विधायक राजीव तरारा ने कहा कि हमें अहिल्याबाई होल्कर की विचारधारा पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र व प्रदेश सरकार ने महापुरूषों के सम्मान में कोई कमी नहीं की है। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्यों ने विधायक राजीव तरारा के साथ मिलकर आचार्य श्री प्रमोदकृष्णम् को भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट करके उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर कुंवर रोबिन त्यागी, सभासद राजपाल सिंह, अंकुश पाल, सत्यपाल पाल, देवेंद्र पाल, लकी पाल, विपिन पाल, नवीन पाल, रवि पाल, सूरज पाल, परम सिंह, अंकुश पाल, भगवान सिंह, मदनपाल, अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# सैनी सभा के मंगतराम बने जिलाध्यक्ष

### जितेन्द्र कुमार को महामंत्री की कमान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** जिला सैनी सभा अमरोहा के चुनाव में मंगत राम को जिलाध्यक्ष जबकि जितेंद्र कुमार को महामंत्री चुना गया। रविवार को अतरासी रोड स्थित वेंकट हॉल में जिला सैनी सभा का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे सर्वसम्मति से मंगत राम सैनी एड. को जिलाध्यक्ष व जितेंद्र सैनी उर्फ सोनू,अशोक कुमार व धर्मपाल सैनी को महामंत्री जबकि विनोद कुमार एड. को उपाध्यक्ष की कमान सौंपी गई। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मंगत राम ने कहा के समाज के सभी लोगों को वह साथ लेकर चलेंगे। जब तक हम सामाजिक कुरीतियों को दूर कर शिक्षा पर ध्यान नहीं देंगे तब हमारा समाज राजनी. तिक, आर्थिक और सामाजिक तरक्की नहीं कर सकता। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार सैनी, डॉ. के एस सैनी, पूरन सिंह, प्रेम सिंह, सुनील, संजीव, विनोद, अशोक, संजय, शिव कुमार सैनी, सभासद विनोद मौजूद रहे। अध्यक्षता लेखराज सैनी व सर्वेश चन्द सैनी ने किया।

# ननिहाल से लौट रहे छात्रों को बेरहमी से पीटा

### दबंगों ने कार रोककर बरसाए लाठी-डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार शाम ननिहाल से अपने भाइयों के साथ कार से घर लौट रहे छात्रों को दबंगों ने बीच रास्ते में रोक लिया और लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। इस मारपीट में एक छात्र गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया, जबकि उसका भाई मामूली रूप से घायल हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। जानकारी के मुताबिक, हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कालाखेड़ा निवासी सुहेल पुत्र नफीस अपने भाइयों सुऐब, जुबेर और अकरम के साथ रविवार को कार से अपनी ननिहाल हैवतपुर बंजारा गया था। रिश्तेदारी में मिलने- जुलने के बाद शाम करीब 5:00 बजे सभी भाई कार में सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार हैबतपुर बंजारा गांव से कुछ ही दूरी पर निकली, तभी पहले से घात लगाए बैठे करीब आधा दर्जन दबंगों ने गाड़ी को बीच रास्ते में रोक लिया। इससे पहले कि कार सवार कुछ समझ पाते, दबंगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से उन पर हमला बोल दिया। हमले में सुहेल गंभीर रूप से घायल हो गया और लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा, जबकि उसका भाई सुऐब भी चोटिल हुआ है।घ्घटना के बाद परिजन घायल सुहेल को लेकर तत्काल कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने सुहेल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत मेडिकल परीक्षण और इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाल राजेश तिवारी ने बताया कि ष्घायल छात्र को मेडिकल के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पीड़ितों की तरफ से तहरीर प्राप्त हो चुकी है। आरोपियों की पहचान कर मामले में निष्पक्ष और कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गजरौला।** तेज बारिश और ठंडी हवाओं से मौसम सुहावना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली। काफी देर तक बारिश होने के कारण सड़कों पर जलभराव की स्थिति भी बन गई, जिससे राहगीरों को आवागमन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बता दें कि कई दिनों से मौसम विभाग द्वारा तेज हवाओं, तूफान और बारिश की चेतावनी को लेकर अलर्ट के मैसेज आ रहे हैं। रविवार को यूं तो सुबह से ही धूप निकली थी, लेकिन दोपहर के दो बजे से मौसम का रूख बदल गया और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ चल रहीं हवाओं के कारण मौसम सुहावना हो गया। करीब पौने घंटे के बाद बारिश बंद हो गई। बारिश के कारण नगर की एमडीए कॉलोनी, हाईवे की सर्विस रोड, सीएचसी कॉलोनी, बस्ती रोड, भानपुर रोड सहित अन्य स्थानों पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई। इस कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### ओलावृष्टि से किसानों की फसल चौपट

**उझारी।** रविवार को शाम अचानक मौसम ने करवट ली। तेज आंधी-तूफान के साथ हुई ओलावृष्टि ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दीं। क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ बड़े-बड़े ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों के अनुसार आम टमाटर तौरी लौकी खीरा तरबूज आदि सब्जिया एवं अन्य मौसमी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं और ओलों की मार से फसले खेतों में बिछ गईं, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। अचानक बदले मौसम के कारण ग्रामीणों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।पीड़ित किसानों ने प्रशासन से फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि पहले से बढ़ती लागत और मौसम की मार के चलते उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है।

# आमाल के मुताबिक मिलेगी जजा व सजा



**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** नगर पंचायत स्थित इमामबाड़ा पीर जी मुस्तकीम अली में मरहूम सैय्यद मुबश्शिर हुसैन रिजवी की बरसी के मौके पर ईसाले सवाब के सिलसिले में मजलिस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज डॉ. लईक हैदर एवं हमनवा ने किया। मजलिस को संबोधित करते हुए दिल्ली से तशरीफ लाए मौलाना काजी मुहम्मद असकरी ने कहा कि अल्लाह आदिल है और वह इंसाफ करने वाला है। हर इंसान को उसके आमाल (कर्मों) के मुताबिक जजा (इनाम) और सजा मिलेगी। यह दुनिया आखिरत की खेती है। इंसान दुनिया में जैसा जीवन व्यतीत करेगा और जैसे कर्म करेगा, महशर के दिन उसे उसी के अनुसार इनाम या सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इंसान को ऐसी जिंदगी गुजारनी चाहिए जो दुनिया में मिसाल बने और आखिरत में उसे जन्नत तक पहुंचाने का जरिया बने। मौलाना ने अपने बयान में शोहदाए कर्बला का भी जिक्र किया और उनके त्याग, सब्र और कुर्बानी से सीख लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अता अब्बास, नासिरुल हसन, मुजम्मिल हुसैन रिजवी, अम्मार हैदर, हसन रजा, खादिम मेहदी, हैदर अब्बास, हैदर रजा, शबीह हैदर रिजवी, हसन मेहदी, वकार मेहदी, सलमान हैदर, मोहम्मद हैदर, तनवीर हैदर समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# बरसात से पहले नालों की सफाई



### जलभराव से राहत की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** ग्राम पंचायत मलेशिया में बरसात से पहले जलभराव और मच्छरों की समस्या से राहत दिलाने के लिए रविवार को नालों की सफाई कराई गई। ग्राम प्रधान हरीश कुमार यादव के निर्देशन में मशीनों की मदद से गांव के प्रमुख नालों से गाद और कचरा हटाया गया। प्रधान ने बताया कि नालियों में गंदगी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा था। बरसात के दौरान पानी निकासी सुचारु रहे, इसके लिए समय रहते सफाई अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्वच्छता और बेहतर जल निकासी व्यवस्था को प्राथमिकता दे रही है। ग्रामीणों ने भी पहल की सराहना करते हुए कहा कि नालों की सफाई से बरसात में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

## ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच निकली जनरैली

# अहिल्याबाई की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के मौके पर अखिल भारतीय युवा पाल महासभा के तत्वावधान में रविवार को शहर में भव्य महाशोभायात्रा एवं विशाल जनरैली निकाली गई। शोभायात्रा में पाल समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर लोकमाता अहिल्याबाई के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।



शोभायात्रा की शुरुआत गांधी मूर्ति मैदान से हुई। इसके बाद रैली टीपी नगर चौराहा, अटल चौक और बिजनौर रोड से होते हुए वासुदेव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग पर जयकारों, ढोल-नगाड़ों और देशभक्ति व सामाजिक जागरूकता से जुड़े नारों की गूंज सुनाई देती रही। रैली में सजी-धजी बाइक, कार और ट्रैक्टरों का लंबा काफिला आकर्षण का केंद्र रहा। आयोजकों के अनुसार शोभायात्रा में एक हजार से अधिक पाल समाज के लोग शामिल हुए। पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भी भागीदारी की। प्रतिभागियों ने हाथों में भगवा ध्वज और तिरंगा लेकर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, संघर्ष और लो. कसेवा के संदेशों को जनसामान्य तक पहुंचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में न्याय, जनकल्याण, धार्मिक संरक्षण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम संयोजक अपूर्व पाल, जिला संयोजक इंजी. रोहित पाल, जिला अध्यक्ष अंकुल पाल, कोषाध्यक्ष हरिराज पाल, मोहित पाल, रैली अध्यक्ष अमित पाल, कार्यक्रम संयोजक पुनीत पाल, जसवीर पाल और मनीष पाल मौजूद रहे।

# चार दिन से अधिक न मिले मेले की परमिशन

**शाह टाइम्स संवाददाता उझारी।** सभासदों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर हजरत शेख दाउद के उर्स में लगने वाले मेले की परमिशन चार दिन से अधिक न देने की मांग की है। नगर के लोगों द्वारा जिलाधिकारी को दिए पत्र के अनुसार आने वाली 5 जून से शुरू होने वाले शेख दाऊद मियां के उर्स की परमिशन 4 दिन से अधिक न देने की पत्र देकर मांग की है। सभासदों व नगर के लोगों ने आरोप लगाया है कि 4 दिन से अधिक परमिशन मिलने से या मेला लगने से लोगों को भारी क्षति पहुंचती है। वहीं शांति व्यवस्था भंग होने आशंका बनी रहती है। इस कारण लोगों ने उर्स में 4 दिन से अधिक परमिशन न देने की मांग की है। पत्र देने वालों में मुख्य रूप से मोहम्मद इशहाक, मोइनुद्दीन, सभासद नाजिम , यासमीन, शमा परवीन, सलमा, फहीम अहमद, लहीक, रज्जन, इमरान अहमद, खुर्शीद, जमशेद, नाजिम, जफर, नफीस अहमद, शकील, गुड्डू, छोटे, मारूफ अली, बिलाल, अमीर अहमद, शरीफ अहमद, जमीर आदि दर्जनों लोगों के पत्र पर हस्ताक्षर हैं।

# नशामुक्त भारत के निर्माण का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रविवार को पुलिस लाइन के अलावा जिले के सभी थानों व सीओ कार्यालयों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को तंबाकू तथा अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नशामुक्त भारत के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा। एसपी लखन सिंह यादव ने भी इस संबंध में संदेश जारी किया। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से तंबाकू एवं नशे के सेवन से दूर रहने की अपील की। कहा कि तंबाकू का सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है. इसके कारण कई जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. साथ ही इसका असर परिवार और समाज पर भी पड़ता है। इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिटी अभिषेक कुमार, सीओ नौगावां सादात अवधभान भदौरिया, सीओ मंडी धनौरा अंजलि कटारिया, सीओ हसनपुर पंकज त्यागी, आरआई लाइन धनश्याम समेत सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## डीएम ने पुलिस अधीक्षक ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने रविवार को पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के साथ जनपद में सम्पन्न कराई जा रही बीएड प्रवेश परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ड्रमंड इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इण्टर कॉलेज, राजकीय बालि. का इंटर कॉलेज एवं उपाधि महाविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान कक्ष निरीक्षकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को आवश्यक निर्देश दिये गये कि परीक्षा के दौरान नियमित कक्षों का भ्रमण करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जाये। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कपड़ा व्यापारी हत्याकांड के दो अन्य बदमाशों का एनकाउंटर

**■ अब तक कुल 6 आरोपी गिरफ्तार, तीन बने पुलिस की गोली का शिकार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बीसलपुर के बमरौली तिराहा पर पंकज कटियार के साथ घटना करने आए अभियुक्तों द्वारा बीच-बचाव में आये पप्पू गुप्ता को तमंचे से फायर कर घायल करने एवं उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने की घटना में वांछित 2 अन्य अभियुक्तों के पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। (अभी तक कुल 6 गिरफ्तारी, 3 साजिशकर्ता एवं 3 घटना करने वाले पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार।

30 मई को थाना बिलसंडा पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था/अपराध नियंत्रण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान समय लगभग 22:25 बजे कैंचुआ पुलिया से पहाड़गंज रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का संकेत दिया गया। मोटरसाइकिल सवार अभियुक्तगण द्वारा रुकने के बजाय पहाड़गंज वाले रोड़ पर मोटरसाइकिल मोड़ दी जिनका पुलिस द्वारा पीछा किया गया तो अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी गई तथा भागने का प्रयास किया गया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्तों की फायरिंग में हेड कांस्टेबल जियाउलहक के बाएं हाथ को गोली छूती हुई निकल गई। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त कुनाल पुत्र कमल उम्र 21 वर्ष निवासी मो. अंटा करवला थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर के बाएं पैर तथा अभियुक्त शिव पुत्र मिश्रीलाल उम्र 20 वर्ष निवासी मो. चमकनी करवला थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर के दाएं पैर में गोली लगने से दोनों घायल हो गए, जिन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।अभियुक्तों के कब्जे से 2 अवैध तमंचा 315 बोर, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर बरामद हुई।

गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ एवं अभिलेखों के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि दिनांक 28.05.2026 को थाना बिलसंडा क्षेत्रान्तर्गत बमरौली तिराहा स्थित पंकज कटियार की साइकिल दुकान में कुछ व्यक्तियों द्वारा घुसकर मारपीट की गई थी। शोर-शराबा होने पर पास में कपड़े की दुकान संचालित करने वाले व्यापारी पप्पू गुप्ता पुत्र श्रीकृष्ण निवासी कस्बा बिलसंडा मौके पर पहुंचे तथा भाग रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जिस पर अभियुक्त पक्ष के एक व्यक्ति द्वारा तमंचे से फायर कर दिया गया। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल पप्पू गुप्ता की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना के संबंध में वादी पंकज कटियार पुत्र रामकृपाल निवासी बीसलपुर रोड, कस्बा व थाना बिलसंडा जनपद पीलीभीत की लिखित तहरीर के आधार पर थाना बिलसंडा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 05 पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना की साजिश में शामिल अभियुक्त रमेश चन्द्र कटियार पुत्र ओमप्रकाश, विमल पुत्र रमेश चन्द्र, सीतेश पुत्र रमेश चन्द्र निवासीगण ग्राम मुकरमपुर थाना रोजा जनपद शाहजहांपुर को दिनांक 29.05.2026 को तथा दिनांक 30.05.2026 को सुबह अभियुक्त लक्की मौर्य पुत्र राधेलाल उम्र 21 वर्ष निवासी मो. तिलहर जेई थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर पुलिस मुठभेड़ में मय अवैध शस्त्र के गिरफ्तार किया जा चुका है। शनिवार रात्रि (30.05.2026 की रात्रि) 2 अन्य अभियुक्त शिव पुत्र मिश्रीलाल निवासी चमकनी करवला थाना सदर बाजार जनपद शाहजहांपुर, कुनाल पुत्र कमल निवासी मोहल्ला अन्टा करवला थाना सदर बाजार जनपद शाहज. हांपुर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है, अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश दी जा रही है। जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हुआ पत्रकार सम्मान समारोह



**■ भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक ने किया शुभारंभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के पावन अवसर पर आलोक होटल पूरनपुर में अधिवक्ता रजनीश पाण्डेय द्वारा भव्य पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया और क्षेत्र के पत्रकारो को सम्मानित किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रति. निधि गुरुभाग सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, बीसलपुर जिला पंचायत सदस्य नितिन पाठक और पूरनपुर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथियों ने हिंदी पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला और पत्रकारों को समाज का चौथा स्तंभ बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। इसके बाद पूरनपुर, बीसलपुर समेत क्षेत्र के पत्रकारों को कलम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मण्डल महामंत्री नवनीत मिश्रा ने किया। यहां रजनीश पाण्डेय, अनुराग अग्निहोत्री, हर्ष प्रधान, नितिन दीक्षित, मनोज वर्मा, एडवोकेट संजय पाण्डेय, आनंद मिश्रा, आशुतोष दीक्षित, गौरव पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता शिवराम सनाढ्य, वेद तिवारी आदि मौजूद रहे।

## उत्साह, उमंग के साथ बेन-हर समर कैंप का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेन-हर शिक्षण संस्थान के दोनों परिसरख्बेन-हर गुरुकुल, टनकपुर रोड कैंपस एवं बेन-हर पब्लिक स्कूलख्में आयोजित गत पाँच दिवसीय समर कैंप 2026 का समापन हर्षोल्लास, उत्साह एवं भावनात्मक विदाई के साथ संपन्न हुआ। विद्यार्थियों के ग्रीष्मावकाश को रचनात्मक, मनो. रंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस समर कैंप में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



बेन-हर गुरुकुल में आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप के प्रथम दिवस स्ट्रॉ डे थीम के अंतर्गत बच्चों ने स्ट्रॉ से विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां जैसे एनिमल्स, वॉल हैंगिंग, सूरज, फ्लावर पॉट आदि बनाना सीखा।

साथ ही उन्होंने स्ट्रॉ की सहायता से अनेक रोचक खेल खेले तथा बेवरेज पार्टी में विभिन्न प्रकार के ताजगीभरे समर मॉकटेल्स बनाकर उनका आनंद लिया।

समर कैंप के दूसरे दिन 'हॉट डे' थीम के अनुसार बच्चों ने आकर्षक हैट, गॉगल्स एवं अम्ब्रेला आदि बनाना सीखा। रंग-बिरंगी एवं आकर्षक वेशभूषा में विद्यार्थियों ने रैंप वॉक एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समर कैंप में अकादमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित, शिक्षिका अंकिता मित्तल, आयुषी संजोग, साताक्षी, सूरज बग्गा, यश आनंद, शुभी दीक्षित, पारुल अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, सुलभ आनंद एवं सरजीत सिंह सहित समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अलावा शिवम शर्मा, अनन्या तिवारी, जिया अग्रवाल, इरशाद अहमद एवं विकास श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

## कढ़ेरचौरा में चला वृहद सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> ग्राम प्रधान पति और सचिव ने जेसीबी-ट्रैक्टर से कराई सफाई

**पूरनपुर।** विकास खंड पूरनपुर के गांव कढ़ेरचौरा में ग्राम पंचायत ने स्वच्छता की ओर बड़ा कदम उठाया है। ग्राम प्रधान पति लक्ष्मीकांत भारद्वाज एवं ग्राम पंचायत अधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में पूरे गांव में वृहद साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर मंदिर, नालियों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई कराई गई।

ग्राम प्रधान पति लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने बताया कि गर्मी और बरसात से पहले गांव में जलभराव, गंदगी और मच्छरों की समस्या न हो, इसलिए समय रहते सफाई कराना जरूरी था। ग्राम पंचायत अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि स्वच्छ गांव ही स्वस्थ गांव की पहचान है। इसी उद्देश्य से पूरी ग्राम पंचायत में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्राम प्रधान पति लक्ष्मीकांत भारद्वाज और ग्राम पंचायत अधिकारी विजय कुमार खुद मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने सफाई कार्य की निगरानी की और सफाई कर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। ग्रामीणों से भी अपने घरों के आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की गई। ग्राम पंचायत अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि सफाई अभियान एक दिन का नहीं है। पंचायत नियमित रूप से सफाई पर ध्यान देगी। ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा कि वे कचरा सड़क या नाली में न फेंके।

## पारस मोबाइल वर्ल्ड पर एसआईबी की कार्रवाई से बाजार में हड़कंप

**■ कच्चे बिल कब्जे में लेकर देर रात तक चली जांच**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** टैक्स चोरी के खिलाफ राज्य कर की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) टीम बरेली ने सर्च बारंट शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पकड़िया चौराहे के पास स्थित पारस मोबाइल वर्ल्ड (काके की दुकान) पर सर्च वारंट के साथ छापेमारी की। जीएसटी की एसआईबी टीम ने दुकान में बिक्री, स्टॉक और टैक्स अदायगी से संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की। कार्रवाई की सूचना मिलते ही बाजार के अन्य व्यापारियों में हड़कंप मच गया।



एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने दुकान में मौजूद मोबाइल स्टॉक, खरीद-बिक्री के बिल, जीएसटी रिटर्न और अन्य वित्तीय दस्तावेजों का मिलान किया। सूत्रों के अनुसार विभाग को लंबे समय से टैक्स हेराफेरी की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। जांच के दौरान कई कच्चे बिल मिलने की बात सामने आई है। जीएसटी अधिकारियों ने इन दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया है। अधिकारियों का कहना है कि जिन सामानों के वैध और पक्के बिल प्रस्तुत नहीं किए जा सकेंगे, उन्हें सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में करीब 80 करोड़ रुपये की बिक्री के मुकाबले मात्र 24 लाख रुपये टैक्स जमा किए जाने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने बताया कि यदि जांच में अनियमितताएं पाई जाती हैं तो नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी टीम की अचानक हुई कार्रवाई से बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा। कई व्यापारियों ने एहतियातन अपनी दुकानें बंद कर दीं, जबकि पूरे दिन बाजार में इस कार्रवाई की चर्चा होती रही।

## पूर्णिमा स्नान को लेकर अलर्ट मोड में बरेली

**■ एसएसपी अनुराग आर्य ने अपफसरों को दिए सख्त निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पूर्णिमा स्नान को सकुशल संपन्न कराने और जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए बरेली पुलिस अलर्ट मोड पर है। रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने गूगल मीट के माध्यम से जिले के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी कर सुरक्षा व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

गोष्ठी में सभी अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारियों ने प्रतिभाग किया। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि पूर्णिमा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसएसपी ने निर्देश दिए कि सभी पुलिसकर्मी निर्धारित समय से पहले अपने ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंचें और स्नान घाटों, नदी तटों, नहरों व जलाशयों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। गहरे पानी वाले क्षेत्रों में बैरिकेडिंग, पुलिस निगरानी और लगातार अनाउंसमेंट कर लोगों को सतर्क करने के आदेश दिए गए। नाव संचालन पर भी निगरानी रखने और क्षमता से अधिक लोगों को नाव में बैठाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की डूबने की घटना रोकने के लिए पुलिस स्थानीय प्रशासन और राहत टीमों के साथ समन्वय बनाकर काम करें। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। साथ ही पीआरवी और थाना पुलिस को लगातार पेट्रोलिंग करने और हर सूचना पर तत्काल रिस्पांस देने के निर्देश दिए गए।



कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान एसएसपी अनुराग आर्य ने अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा। यक्ष ऐप के माध्यम से अपराधियों की मॉनिटरिंग करने और दोबारा अपराध में शामिल पाए जाने पर तत्काल कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गंभीर घटना का विश्लेषण किया जाए, और यदि किसी स्तर पर लाप. रवाही मिलती है तो जिम्मेदारी तय की जाएगी। एसएसपी ने शूटरों, लुटेरों और संगठित अपराधियों के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाने के आदेश दिए। साथ ही अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में नियमित पैदल गश्त करने और जनता के साथ शालीन एवं सकारात्मक व्यवहार बनाए रखने की हिदायत दी। अवैध गतिविधियों के खिलाफ भी पुलिस को सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। हुक्का बार, अवैध बूचड़खानों, एनडीपीएस एक्ट से जुड़े अपराधियों, गोकशी करने वालों और अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई करने को कहा गया। बिना नंबर प्लेट के चल रहे डंपरों और भारी वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाने के आदेश भी दिए गए।

इसके अलावा अवैध असलाह बनाने, रखने और तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए एसएसपी ने कहा कि बरामद प्रत्येक अवैध हथियार के स्रोत की गहराई से जांच की जाए, और अपराधियों के पूरे नेटवर्क को चिन्हित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए एमएलसी बहोरन लाल मौर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** नगर पंचायत देवर. नियां में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत के नामित सभासद वन्टी कश्यप के आवास/कार्यालय पर बूथ संख्या 108 पर किया गया, जहां मुख्य अतिथि के रूप में भोजीपुरा विधानसभा के पूर्व विधायक एवं वर्तमान एमएलसी बहोरन लाल मौर्य पहुंचे।



कार्यक्रम में एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। इस दौरान उनके साथ मंडल अध्यक्ष राहुल राठी, चीनी मिल संघ सदस्य नाथू लाल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देशवा. सियों को सकारात्मक सोच, सामा. जिक सरोकारों और राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ने का माध्यम बन चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए प्रेरक विचार समाज के हर वर्ग को राष्ट्रहित में योगदान देने और सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही संगठन की आगामी गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों और बूथ स्तर पर पार्टी को और मजबूत बनाने को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर नामित सभासद वन्टी कश्यप, भगत सिंह सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## ट्रेन के आगे कूद कर नर्सिंग की छात्रा ने दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** नर्सिंग की छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। बताते हैं कि छात्रा पहले रेलवे लाइन पर लेटी हुई थी। मालगाड़ी के आने पर अचानक वह पटरी से उठकर खड़ी हो गई और ट्रेन की चपेट में आ गई। सूचना मिलने पर जीआरपी,आरपीएफ के अलावा जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ सदर ने भी मौका मुआयना कर जानकारी की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना पीलीभीत-बरेली रेलखंड पर शाही स्टेशन के समीप रविवार सुबह की है। बरेली की ओर से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आकर एक युवती की मौत हो गई। युवती की मौत के बाद मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी,आरपीएफ और जहानाबाद पुलिस की टीम भी पहुंच गई। मृतका की पहचान 19 वर्षीय दयंती उर्फ सोनी के रूप में हुई। ग्रामीणों के मुताबिक वह अपनी नानी शुभागो देवी के साथ ग्राम हांडा में रहकर नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। इसी साल बरेली के एक निजी कॉलेज से उसकी नर्सिंग की पढ़ाई हुई है। रविवार सुबह वह शाही स्टेशन पर गई थी। इसके बाद वह रेलवे लाइन पर जाकर लेट गई। थोड़ी देर बाद बरेली की ओर वह मालगाड़ी आई। ट्रेन आते ही वह ट्रेन के सामने खड़ी हो गई और उसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

## एक नजर

### पीलीभीत एसपी ने बदले कई थानों के प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> शहर कोतवाली, बरखेड़ा, यूरिया थाने में हुआ बदलाव

**पीलीभीत।** कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव ने कई थानों के थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए हैं। एसओ न्यूरिया को थाने से हटकर क्राइम ब्रांच भेजा गया है। एसपी श्री मिश्रा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सत्येंद्र कुमार को कोतवाली से प्रभारी निरीक्षक बरखेड़ा, प्रभारी निरीक्षक बरखेड़ा परमेंद्र कुमार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, थानाध्यक्ष न्यूरिया सुभाष मावी को क्राइम ब्रांच, पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक दिगंबर सिंह को थाना प्रभारी न्यूरिया पद पर तैनाती दी गई है। एसपी सुकीर्ति माधव ने बताया कि रूटीन फेरबदल किया गया है। थाना प्रभारी न्यूरिया की शिकायतें मिलने के बाद उनको क्राइम ब्रांच भेजा गया है।

### भूपेंद्र चौधरी संग नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप कौर की एकांत चर्चा ने चढ़ाया सियासी पारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पीलीभीत।** पंडित दीन दयाल जिला प्रशिक्षण वर्ग में पहुंचे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा, कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप संतोख संधू से पीलीभीत के सियासी समीकरणों को लेकर निजी वाहन में लंबी एकांत चर्चा की, ये खबर जैसे ही भाजपा नेताओं में फैली पीलीभीत में सियासी पारा चढ़ गया, अब यहाँ के स्थानीय नेता दोनों के बीच हुई लंबी एकांत चर्चा पर अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। आपको बताते चलें कि नगर पंचायत नौगवां पकड़िया अध्यक्ष संदीप संतोख संधू की भाजपा संगठन में लगातार बढ़ती मजबूती से कई सियासी लोगों के पेट में मरोड़ शुरू हो गई है।

### गांव की समस्या - गांव में समाधान चौपाल में अधिकारियों को ग्रामीणों ने सुनाई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** सामाजिक संगठन जन कल्याण सुरक्षा संघ के द्वारा गांव-गांव में चलाए जा रहे गांव की समस्या गांव में समाधान चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से जनता की समस्याओं को संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा गांव में चौपाल लगाकर निस्तारण कराया जा रहा है। जनपद के विकासखंड पूरनपुर तहसील कलीनगर क्षेत्र के ग्राम बूंदीभूड़ एवं बंदरभोज में शनिवार दोपहर बाद सामाजिक संगठन जन कल्याण सुरक्षा संघ के द्वारा दोनों गांवों में अलग - अलग गांव की समस्या - गांव में समाधान चौपाल कार्यक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के शिविर लगाएं गए संयुक्त दोनों कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि अरुण क्रान्ति यशोदास अपर सिविल जज सीनियर डिविजन/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत को ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं सुनाई।

### अहिल्याबाई होल्कर को नमन कर बुलन्द किया पीडीए का नारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के और प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्यामलाल पाल के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जगा, विधानसभा अध्यक्ष 127 पीलीभीत हाजी इम्तियाज अल्वी के निर्देशन में रविवार को नकटादाना स्थित केजीएन-2 समाजवादी पार्टी कैंप कार्यालय पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतेन्द्र मौर्य प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर केवल एक शासक नहीं बल्कि न्याय, सेवा और जनकल्याण की प्रतीक थीं। उनका जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई को आगे बढ़ा रही है।

### संगठित कामगारों और छोटे व्यापारियों को मिलेगी तीन हजार रुपये मासिक पेंशन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

> जन सेवा केंद्रों के माध्यम से करें आवे. दन, बुढ़ापे में मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में श्रम विभाग की योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और छोटे व्यापारियों के लिए संचा. लित पेंशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि सरकार की दो महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से पात्र लोगों को 60 वर्ष की आयु के बाद प्रतिमाह 3000 रुपये पेंशन प्रदान की जाएगी।

सहायक आयुक्त श्रम ने बताया कि पहली योजना प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना है। इस योजना का लाभ रिक्शा चालक, रेहड़ी-पटरी विक्रेता, घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक, मोची, दर्जी सहित असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक उठा सकते हैं। योजना के लिए पात्रता में आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होना, मासिक आय 15 हजार रुपये या उससे कम होना तथा आयकर दाता और ईपीएफओ/एनपीएस/ईएसआईसी सदस्य न होना आवश्यक है।

अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत श्रमिकों को उम्र के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये प्रतिमाह अंशदान जमा करना होगा, जबकि उतनी ही राशि सरकार भी जमा करेगी। 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर लाभार्थी को 3000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। लाभार्थी की मृत्यु होने पर पति या पत्नी को 1500 रुपये पारिवारिक पेंशन देने का प्रावधान भी है।

बैठक में यह भी बताया गया कि लघु व्यापारी मान धन योजना छोटे दुकानदारों, रिटेल व्यापारियों, होटल संचालकों और 1.5 करोड़ रुपये तक वार्षिक टर्नओवर वाले व्यापारियों के लिए संचालित की जा रही है। इस योजना में भी 60 वर्ष की आयु के बाद 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दिए जाने का प्रावधान है।

सहायक आयुक्त श्रम ने बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत अब तक जनपद में 10,326 कामगारों का पंजीकरण किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लक्ष्य के अनुसार बरेली प्रदेश में 12वें स्थान पर है।

बैठक के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र श्रमिक और व्यापारी इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि जन सेवा केंद्रों के माध्यम से सरलता से पंजीकरण कराया जा सकता है, और यह योजनाएं श्रमिकों के बुढ़ापे को आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण साबित होंगी।

बैठक में श्रम विभाग के अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंजना दहिया का जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण पूरा, एसएसपी ने दी विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** 2024 बैच की प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी अंजना दहिया का जनपदीय व्यवहारिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो गया। रविवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए बुके और स्मृति चिन्ह भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विदाई समारोह के दौरान एसएसपी ने कहा कि प्रशिक्षण अवधि में अंजना दहिया ने अपनी कार्यशैली, अनुशासन और पुलिसिंग के प्रति समर्पण से अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच अलग पहचान बनाई। उन्होंने कई महत्वपूर्ण पुलिस कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में योगदान दिया। वर्तमान में अंजना दहिया प्रेमनगर थाने की प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी संभाल



रही हैं। दिसंबर 2025 में उनकी पहली पोस्टिंग बरेली जिले में सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के रूप में हुई थी। हरियाणा के रोहतक निवासी अंजना दहिया ने अपने व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान जिले में प्रभावी पुलिसिंग और जनसंपर्क का परिचय दिया। कार्यक्रम में जिले के सभी पुलिस अधिकारी, क्षेत्राधिकारी (सीओ) और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# डीएम के आदेश पर जिलाबदर किया गया आरोपी

■ बहेड़ी पुलिस ने उत्तराखंड सीमा पार छोड़कर कराई आदेश की तामील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर मोहम्मद आरिफ उर्फ पप्पू बुलेट पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी मोहल्ला टांडा, कस्बा एवं थाना बहेड़ी को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3(1) के अंतर्गत छह माह के लिए जिलाबदर कर दिया गया।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में बहेड़ी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को



जनपद की सीमा से बाहर किया। थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आदेश की विधिवत तामील कराते हुए मोहम्मद आरिफ उर्फ पप्पू बुलेट को उत्तराखंड सीमा पार छोड़कर जनपद की सीमा से बाहर किया। पुलिस ने उसे स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिलाबदर अवधि के दौरान वह बिना सक्षम अनुमति के जनपद बरेली की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। आदेश का उल्लंघन किए जाने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि असामाजिक एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे।

## एक नजर

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल, बरेली रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा खुशबू धर्म कांटा वलुपुरा के पास हुआ। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार नूर जहां पत्नी कल्लू कुरैशी निवासी ग्राम सुजातपुर अपने बेटे मुजीम कुरेशी के साथ बाइक से मीरगंज की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही एक स्कॉर्पियो कार ने उनकी बाइक में साइड मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे नूर जहां गंभीर रूप से घायल हो गईं।हादसे में महिला के सिर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद उनका बेटा और आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल सीएचसी मीरगंज पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो चालक तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई।परिजन फरार वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं। वहीं पुलिस भी वाहन और चालक का पता लगाने के प्रयास में जुटी हुई है।

### 40 साल तक चले मुकदमें के सभी आरोपी हुए बरी, आरोपी खेमे में हर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मामला क्षेत्र के गांव डांडिया वीरम नगला का है। गांव के मोतीराम ने द्वारा थाना नवाबगंज में 9 दिसम्बर 1986 को एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उसने अपने स्थान पर दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर उसकी 100 बीघा जमीन का बैनामा कराए जाने का आरोप गांव के रीतराम, भूपदेवी, मुन्ना लाल, राजकुमार, बाबू राम समेत 8 लोगों पर लगाया गया था। पुलिस ने इस मामले में धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी।

इस मामले में अभियुक्तों के अधिवक्ता सुरेश पटेल द्वारा चार गवाह पेश किए गए, इतना ही नहीं लालता प्रसाद, धनपाल, सुखलाल के फिंगर प्रिंट की जांच करने वाले का भी कोर्ट में बयान दर्ज किया गया। इस मामले में अभियोजन पक्ष दस्तावेजों को फर्जी साबित करने में पूरी तरह से असफल रहा, जिसका लाभ आरोपियों को मिला। 40 सालों तक चले इस मुकदमे के दौरान जहां बादी मोतीराम की मृत्यु हो गई थी वहीं आरोपी भूपदेवी, मुन्नालाल, सोहन लाल, जगन्नाथ और रामविलास की मृत्यु हो गई थी। मुंसिफ कोर्ट के न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण गौतम द्वारा शेष आरोपियों रीतराम, बाबू राम और राजकुमार को बरी कर दिया गया। कोर्ट द्वारा आरोपियों को बरी किए जाने पर इस खेमें में हर्ष नजर आ रहा है। उक्त जानकारी अधिवक्ता सुरेश पटेल द्वारा दी गई है।

# श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस रुक्मिणी विवाह उत्सव धूमधाम से संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** श्री हरि मंदिर, मॉडल टाउन में आयोजित परम पूज्य राष्ट्रीय संत श्री गोविंद देव गिरी जी महाराज की श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर रविवार को रुक्मिणी विवाह उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

कथा के दौरान महाराज जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी और कालिय नाग मर्दन प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की लीलाएं भक्तों को भक्ति और प्रेम का संदेश देती हैं।कथा के समापन पर भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी जी का विवाह उत्सव संपन्न कराया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा से पूर्व महाराज जी ने भगवान के श्रीचरणों में नमन किया तथा महिला मंडल की सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि सोमवार को कथा का अंतिम एवं विश्राम दिवस होगा, जिसमें कथा प्रात: 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर सुशील अरोड़ा, विश्वनाथ सेकसरिया, कृष्ण कुमार मोहता, राजकुमार अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई होलकर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

■ सांसद व विधायक ने किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अखिल भारतीय धनगर समाज द्वारा रविवार को मढ़ी सत्याना मैदान में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की महानतम महिला शासकों में से एक थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में




जनकल्याण, धर्म, शिक्षा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया। देशभर में अनेक मंदिरों, घाटों और धर्मशालाओं का निर्माण कर उन्होंने समाज सेवा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि लोकमाता का जीवन आज भी समाज को सेवा और समर्पण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन सेवा, त्याग, न्याय और सुशासन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए। इसके बाद विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा एवं ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार ने भव्य शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और पुन: कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जयकारों से वातावरण गूंज उठ शोभायात्रा में कृष्णपाल धनगर, ओमपाल धनगर, राजेंद्र धनगर, केशव धनगर, सुमित धनगर, बुलाकी राम धनगर, नरोत्तमपाल धनगर, सत्यपाल धनगर, मुकेश धनगर, अमन धनगर, चंद्रपाल, नत्थू लाल, विजय, विशाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन लोकमाता के आदर्शों पर चलने और समाज में एकता, शिक्षा तथा सेवा भाव को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारिता की भूमिका पर हुई चर्चा

■ एपजा प्रेस क्लब के कार्यक्रम में पत्रकार, व्यापारी व जनप्रतिनिधि रहे मौजूद, इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा बने मुख्य अतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एपजा प्रेस क्लब की ओर से मोहल्ला शाहगढ़ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के पत्रकारों, व्यापारियों, समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान हिंदी पत्रकारिता के महत्व और समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहेड़ी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा रहे। उन्होंने ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है। निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की मेहनत और सजगता से आम जनता की समस्याएं प्रशासन तक पहुंचती हैं और उनका समाधान संभव हो पाता है।

वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव का सशक्त साधन है। उन्होंने




पत्रकारों से सत्य और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों, व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने एक-दूसरे को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दीं। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर मोहम्मद शोएब, अब्दुल वाजिद, मुमताज अली, अयाज खान, मोहम्मद वसीम, फजलउर रहमान, हेमंत ढंग, विशाल खान, शाहिद अंसारी, राजेश कश्यप, अनोज गंगवार, सुरजीत गंगवार, शादाब मुनीम, सलीम रहवर, नदीम फैंसी, नवल किशोर, शादाब एसके आदि मौजूद रहे।

# मन की बात कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री का संबोधन

■ राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भर भारत और जनभागीदारी पर दिए प्रेरक संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण रविवार को भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता के नेतृत्व में रामलीला बूथ पर सुना गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को गंभीरता से सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भर भारत, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सरोकारों और जनभागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने देशवासियों से सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश वासियों को एक सूत्र में जोड़ने का सशक्त माध्यम है। यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले



लोगों को सम्मान देने के साथ-साथ जनशक्ति को राष्ट्रशक्ति में बदलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर सभी कार्यकर्ता विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह गोल्डी, शेरगढ़ ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी, भाजपा महामंत्री अरुण गंगवार, सचिन प्रजापति, उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बग्गा, अवधेश सक्सेना, सभासद दिनेश राठौर, शक्ति गुप्ता, मनोज गंगवार, मोहित वाल्मीकि, खजान सिंह, राजीव सिंह, महेंद्र गंगवार, मनमोहन सिंह, आकाश गौड़, गजेंद्र गंगवार समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, दुराचार की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगज।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम की एक किशोरी ने गांव के ही युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, 22 मई को किशोरी घर पर अकेली थी। उसके माता-पिता मजदूरी के सिलसिले में बाहर गए हुए थे, जबकि उसकी बड़ी बहन किसी काम से गांव से बाहर गई थी। आरोप है कि दोपहर करीब के समय गांव का एक युवक लखन देव घर में घुस आया और सो रही किशोरी के साथ अशोभनीय हरकत करते हुए उसके कपड़े खींचने का प्रयास किया। पीड़िता का कहना है कि शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया। घर लौटने पर उसने इसकी जानकारी अपनी बड़ी बहन को दी, इसके बाद आरोपी पक्ष से शिकायत करने पर आरोपी की मां और मौसी ने अभद्र व्यवहार करते हुए धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार श्रीवास्तव के आदेश पर पलिस ने आरोपी लखन देव समेत अन्य नामजद लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तू मुझे खुश कर दे...मैं तेरा अच्छे से ख्याल रखूंगा

■ महिला से छेड़छाड़, दुष्कर्म की धमकी, मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में एक महिला से लगातार छेड़छाड़, अश्लील हरकतें और दुष्कर्म की धमकी देने के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है।

कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी अबरार अहमद काफी समय से उस पर गलत नजर रखे हुए था। आरोप है कि वह रास्ते में रोककर अश्लील फब्तियां कसता, गंदी बातें करता और दबाव बनाने की कोशिश करता था। आरोपी कथित तौर पर महिला से कहता था कि तेरा पति बाहर रहता है, तू मुझे खुश कर दें, मैं तेरा ख्याल रखूंगा, और मैं तेरी हर जरूरत पूरी कर दूंगा।

महिला ने जब आरोपी की हरकतों की जानकारी अपने पति को दी तो उन्होंने आरोपी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी उल्टा आक्रामक हो गया।

आरोप है कि उसने महिला के पति को धमकाते हुए कहा कि देखता हूं तू कितनी रखवाली करता है, तेरी बीवी को मजा चखाकर रहूंगा। आरोपी की धमकियों और हरकतों से परिवार लगातार दहशत में था। आरोप है कि 27 मई की दोपहर करीब दो बजे आरोपी महिला के घर के आसपास घात लगाकर खड़ा था। जैसे ही महिला किसी काम से बाहर निकली, आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। आरोप है कि आरोपी ने महिला के शरीर को गलत तरीके से छूते हुए जबरदस्ती करने की कोशिश की। महिला के विरोध और शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटने लगे, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। जाते-जाते आरोपी ने महिला को दुष्कर्म और जान से नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता और उसका परिवार सहम गया। लोकलाज और सामाजिक बदनामी के डर से महिला कुछ समय तक चुप रही, लेकिन आरोपी की लगातार बढ़ती दबंगई और धमकियों से परेशान होकर उसने आखिरकार पुलिस की शरण ली।

मामले की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल पीड़िता की शिकायत सुनी, और आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। क्षेत्र में अपराध और महिला उत्पीड़न के मामलों को लेकर उनकी सक्रिय कार्यशैली की एक बार फिर सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी लगातार कानून व्यवस्था को मजबूत रखने और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए सक्रिय रहते हैं। उनकी सख्ती के चलते क्षेत्र में अपराधियों में पुलिस का खौफ बना हुआ है। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। साक्ष्यों और जांच के आधार पर आरोपी के खिलाफ आगे की कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क

देवरनियां पुलिस क्षेत्र में महिला अपराधों को लेकर लगातार सतर्क नजर आ रही है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

### आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीम

पुलिस टीम आरोपी की गतिविधियों और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मजदूरी के पैसे दिलाने के बहाने ले गए, हादसे में घायल युवक को खेत में छोड़ भागे दोस्त

■ पुलिस ने किया चौंकाने वाला खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में युवक की मौत के मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया है कि मजदूरी के पैसे दिलाने के बहाने युवक को अपने साथ ले गए दोनों आरोपियों ने दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसे अस्पताल पहुंचाने के बजाय खेत में लावारिस हालत में छोड़ दिया था। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम ठिरिया खेतल निवासी सुम्मेरी लाल ने 29 मई 2026 को थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर बताया था कि उनका 29 वर्षीय पुत्र राजेश गांव के ही नरेन्द्र और राजीव के साथ मजदूरी के पैसे लेने गया था, लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों और परिस्थितियों के आधार पर पुलिस ने मामले में गंभीर धाराएं बढ़ाते हुए जांच को आगे बढ़ाया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे दीपक के ईंट-भट्टे पर मजदूरी का भुगतान लेने गए थे, जहां उनकी मुलाकात राजेश से हुई। इसके बाद तीनों ने अलग-अलग स्थानों से शराब खरीदी और उसका सेवन किया। शराब पीने के बाद तीनों स्कूटी से रहपुरा जागीर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक मिक्सर ट्रक को बचाने के प्रयास में स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई और तीनों सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में राजेश के सिर में गंभीर चोट लग गई, जबकि अन्य दोनों को मामूली चोटें आईं।

हादसे के बाद आरोपी घायल राजेश को पास के एक मेडिकल स्टोर पर



लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान उन्हें बताया गया कि युवक की हालत गंभीर है और उसे तत्काल किसी बड़े अस्पताल में भर्ती कराना जरूरी है। इसके बावजूद दोनों आरोपियों ने न तो उसे अस्पताल पहुंचाया और न ही उसके परिवार को घटना की जानकारी दी। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी घायल राजेश को अपने साथ लेकर ग्राम उनासी के पास पहुंचे और उसे एक खेत में छोड़कर वहां से चले गए।

मामले को गंभीरता से देखते हुए थाना निरीक्षक प्रभारी प्रवीण कुमार ने सक्रिय सुरागरसी और मुखबिर की सूचना के आधार पर जांच तेज कर दी। पुलिस ने 30 मई को रबड़ फैक्ट्री के पास स्थित खंडहर परिसर से निमेन्द्र उर्फ नेता उर्फ नरेन्द्र निवासी ग्राम ठिरिया खेतल और राजीव उर्फ राजवीर मौर्य निवासी ग्राम उनासी को गिरफ्तार कर लिया।

# पुत्रवधू से दुष्कर्म का आरोप, ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता के अनुसार, वह 12 मई को अपने फूफा के साथ रामपुर जनपद के मिलक थाना क्षेत्र स्थित अपनी ससुराल गई थी। आरोप है कि उसी रात घर में अकेला पाकर उसके ससुर ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। महिला का कहना है कि उसने आरोपी से काफी विनती की और विरोध भी किया, लेकिन उसने उसकी एक नहीं सुनी। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी।महिला ने बताया कि घटना के बाद उसने पूरी जानकारी अपनी मां को दी। आरोप है कि ससुराल पक्ष और उनके रिश्तेदार कई दिनों तक उस पर चुप रहने का दबाव बनाते रहे। बाद में वह अपनी मां के साथ शाही थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी।पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर रविवार को आरोपी ससुर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया तथा पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सेंथल के उभरते सितारे ने पत्रकारों का किया सम्मान

**नवाबगंज।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक लोगों ने प्रिंट मीडिया के पत्रकारों को सम्मानित किया। सम्मान पाकर पत्रकारों ने उनका आभार व्यक्त किया। नगर पंचायत सेंथल के उभरते युवा सितारे और समाजसेवा के साथ ही धार्मिक कार्यों में बढ़चढकर अपनी भागीदारी निभाने वाले शैज रजा जैदी ने पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उन्हें महानगर में डिनर कराया। श्री जैदी द्वारा पत्रकारों को सम्मानित किए जाने पर पत्रकारों ने उनकी खूब तारीफ की। समाजसेवी शैज रजा जैदी मरहूम मो0 यासीन जैदी के पुत्र हैं, वह तहसील नवाबगंज में डब्लू वी एन रह चुके थे और बरेली में प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत हुए थे, दो साल पहले उनका निधन हो गया था। अपने मरहूम पिता के बताए रास्ते पर चलते हुए वह समाजसेवा में लगे हैं। उनके इस तरह समाजसेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करने को लेकर सेंथल कस्बे में तरह-तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी ने भी हिंदी पत्रकारिता दिवस पर क्षेत्र के प्रिंट मीडिया के पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, सेंथल चेयरमैन कंबर एजाज शानू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार, बार एसोशिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नवाब अहमद, पति छेदा लाल दिवाकर, नीलम गंगवार, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष ओमेंद्र गंगवार आदि ने पत्रकारिता दिवस पर सभी को बधाई दी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** प्रभा गार्डन युवा ब्राहमण समाज संगठन द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैड बाजे व ढोल ढ़माकों के साथ भगवान परशुराम शोभा यात्रा निकाली गई। रास्ते में रथ पर सवार भगवान परशुराम व साथ चल रहे अतिथियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

बाइपास मार्ग स्थित प्रभा गार्डन युवा ब्राहमण समाज संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी श्री चंद शर्मा ने कहा कि अपने कार्य को मजबूती से करों तथा समाज को आगे बढ़ाओ। उन्होने कहा कि हम अपने संस्कार व संस्कृति को भूल रहे हैं जो ठीक नहीं है। उन्होने बड़ों का सम्मान करने की सीख दी। उन्होने कहा कि हम सब भगवान परशुराम के वंशज है। उन्होने धर्म की रक्षा के लिए आताताईयों का संहार किया था। उन्होने कहा कि समाज भगवान परशुराम को अपना आदर्श मानें, रावण जैसे व्यक्ति को नहीं। कार्यक्रम को रामकुमार शर्मा, युवा ब्राहमण समाज संगठन के अध्यक्ष अभिषेक कौशिक ने भी संबोधित किया। सभी ने समाज से बुराईयां दूर करने, समाज को मजबूत करने की अपील के साथ संस्कारों से दूर न होने की बात कही। इससे पूर्व अतिथियों ने भगवान परशुराम के चित्र के आगे दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। अध्यक्षता बृजपाल शर्मा व संचालन मनमोहन शर्मा ने किया। कार्यक्रम से पूर्व निरीक्षण भवन से बैड बाजे व ढोल ढ़माकों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। रास्ते में रथ पर सवार भगवान परशुराम व साथ चल रहे अतिथियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अमित, प्रवीण, अंकित, राजीव, प्रिंस शर्मा, शुभम, वासु, निखिल कौशल, शिव कुमार, अरुण आदि शामिल रहे।

# गिरफ्तारी के आश्वासन पर धरना समाप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** आजाद समाज पार्टी ने कश्यप समाज के लोगो को इंसाफ दिलाने व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाने मे धरना प्रदर्शन किया। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजनें की मांग की। वही थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया जिसके बाद कार्यकर्ताओ ने धरना समाप्त किया।

जानकारी के अनुसार रविवार के दिन थाना परिसर मे दोपहर के समय आजाद समाज के दर्जनों कार्यकर्ता कश्यप समाज के लोगो के साथ पहुँचे। सप्ताह भर पूर्व चौरा खुर्द मे दो पक्ष के लोगो के साथ विवाद हो गया था जिसमे कश्यप समाज द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसपर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओ का कहना है की मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आजतक पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं की है। उन्होंने जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की है। कार्यकर्ताओ के बीच पहुँचे थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने आश्वासन दिया किया जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राव तहमूर, विनोद कुमार पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, कुलदीप चोपडा, सुनील कुमार, गौतम, मनपाल सिंह, मोहित कुमार, बलिदान, सावेज अली मौजूद रहे।

## स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था धराशायी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** दिल्ली देहरादून हाईवे रात में अंधेरे में डूबा रहता हैं। हाईवे पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था धराशायी है।

हाइवे पर कई जगह पर स्ट्रीट लाइट अभी तक जली ही नहीं है जिसमे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई स्थानों पर पोल तो खड़े हैं, लेकिन लाइटें बिल्कुल नहीं जल रहीं, जिससे रात में स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। खासकर हरोड़ा कट पर स्ट्रीट लाईट बंद ही रहती है। ग्राम हरोड़ा के पूर्व प्रधान साहब राव ने बताया की हरोड़ा कट पर लाईट ना जलने से हाइवे के निचे सर्विस रोड अँधेरे मे डूबा रहता है।

# ग्रामीणों को बताए अपने विकास कार्य



**चिलकाना।** ग्राम पंचायत खेड़ा मवात के प्रधान के रूप में अपना कार्यकाल पूर्ण होने पश्चात ग्राम प्रधान ने अपने कार्यकाल में कराये गए विकास कार्यो की रिपोर्ट गांव की जनता समक्ष प्रस्तुत की।

ग्राम पंचायत खेड़ा मवात में अपने आवास पर आयोजित एक विशाल बैठक मे बड़ी संख्या में मौजूद गांव के लोगों को सम्बोधित करते हुए ग्राम प्रधान राव अब्दुल हई ने कहा कि उनका कार्यकाल आमजन व जनप्रतिनिधि के बीच कायम उस रिश्ते का सुबूत था जो कि खिदमत, ईमानदारी और अवाम की भलाई के जज्बे पर टिका है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में गांव की तरक्की, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा, सड़क, स्वच्छता और जनकल्याण से जुड़े हर मुद्दे पर पूरी लगन और निष्ठा के साथ कार्य करने की कोशिश की। उन्हें जो कुछ भी हासिल हुआ वह आमजन की दुआओं, सहयोग और विश्वास का नतीजा है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कराये गए गांव के विकास कार्यो में सभी ग्रामवासियों का जो सहयोग उन्हें मिला है उसके लिए वह सदैव ग्राम वासियों के आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें आशा है गांव की जनता आगे भी उन्हें इसी प्रकार से प्यार व आशीर्वाद देगी।

# 48 घंटे बाद बहाल हुई बिजली आपूर्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** आंधी तूफान मे खराब बिजली 48 घंटे बाद हुई बेहाल क्षेत्रीय नेताओं का भरपूर योगदान रहा। बिजली विभाग के अधिकारियो व कर्मचारियों के बीच नेता कंधे से कंधा मिलाकर खडे रहे।

आधी तूफान के बाद जहाँ खम्बे व पेड़ टूटने की वजह से बिजली कई गावों मे नहीं पहुंच रही थी वही जनरेटर किराए पर देने वालों की बल्ले बल्ले हो रही थी। बीती रात दो दिन बाद हरोड़ा गांव मे पहुंची सप्लाई के बाद ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कुराहट नजर आई। पानी की किल्लत से गांव मे हाहाकार मच गया था। वही वरिष्ठ नेता राव बाबर विभाग के उच्चधिकारियो के सम्पर्क मे रहे तो वही अपनी टीम के साथ जहाँ जहाँ खम्बे व पेड़ टूटे थे वहा उनके साथ खडे नजर आए। राव बाबर ने बताया की कई जगह पेड़ व खम्बे गिरने से गांव मे सप्लाई नहीं पहुंच रही थी वही जहाँ विभाग को हमारी जरूरत पड़ी हम वहा उनके साथ खडे रहे विभाग के अधिकारियो की कड़ी मेहनत से बिजली सप्लाई चालू हुई है।

# बाइक चोरी की वारदात बढ़ी

**गागलहेड़ी।** कस्बा चौकी क्षेत्र मे चोरी की वारदात दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। कस्बा चौकी इंचार्ज चोरी का खुलासा करने मे नाकाम साबित हो रहे है। कई मोटरसाइकल चोरी की घटनाए कागजो मे दबकर रह गई है। कस्बे मे बाइक चोर गिरोह सक्रिय नजर आ रहा है लेकिन कस्बा चौकी पुलिस चोरो पर लगाम कसने मे नाकाम साबित हो रही है।

जानकारी के अनुसार सप्ताह भर पूर्व भगवानपुर रोड सियाराम इंटर कॉलेज के सामने से हीरो मोटरसाइकल चोरी हो गई थी जिसपर पीड़ित द्वारा थाने मे प्रार्थना पत्र दिया गया था लेकिन अभी तक मोटरसाइकल बरामद नहीं हुई है। वही कई बाइक देहरादून रोड निशा गार्डन के बाहर से चोरी की घटनाए घट रही है। पुलिस ने एक भी बाइक चोरी की घटना का खुलासा नहीं किया है। वही पुलिस मुकदमा तो दर्ज कर लेती है लेकिन बरामदगी नहीं कर पाती है।

## स्मैक सहित दो गिरफ्तार

**गागलहेड़ी।** पुलिस ने दो नशा तसकरो को 29.45 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया की पुलिस गश्त के दौरान भगवानपुर हरियाबांस सर्विस रोड के पास से दो अभियुक्त गुरमीत अंकित को पकड़ा जिसकी तलाशी लेने पर 29.45 ग्राम नजायज स्मैक बरामद हुई पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# त्योहार गिले शिकवे दूर करने का आसान रास्ताः काजी अदील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** ईद मिलन कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि त्यौहार मिलने और गिले शिकवे दूर करने का आसान रास्ता हैं। मिलजुल रहने से ही देश और समाज तरक्की करता है।

मौहल्ला पीरजादगान स्थित शहर काजी अदील फारूकी के निवास पर आयोजित ईद मिलन कार्यक्रम में काजी नदीमुल हक ने कहा कि त्यौहार हो मिलजुल कर ही मनाना चाहिए इससे त्यौहार की खुशियां दोगुना हो जाती हैं और भाईचारा भी बढ़ता है।हिन्दू मुस्लिम युवा एकता समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद सैफी ने कहा कि त्यौहार मिलने और गिले शिकवे दूर करने का आसान रास्ता हैं।एक दूसरे के सुख दुख में साथ खड़े रहना इंसानियत है। सभासद नफीस सैफी व नदीम अहमद ने कहा कि एक दूसरे के साथ सुख दुख में खड़ा हमारे देश की परंपरा है।दूसरों की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्यौहार मनाने चाहिएं। हमारा व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि सभी लोग मुहब्बत और इज्जत करें।काजी अदील फारूकी ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान तौफीक उमर, हाजी मंसूर, हाजी मोहम्मद अय्यूब, काजी अब्दुल हक आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# आंधी तूफान ने तोड़ी बागवानों की उम्मीदें

**गागलहेड़ी।** तेज आंधी और बारिश ने आम की फसलो को भारी नुकसान पहुंचाया है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष आम की पैदावार पहले से ही काफी कम थी, और अब आंधी-बारिश ने बची हुई फसल को भी तबाह कर दिया है।

तेज हवा के कारण बड़ी संख्या में आम पेड़ों से टूटकर जमीन पर गिर गए हैं, जिससे किसानों और बाग की नीलामी लेने वालों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। आंधी और बारिश के कारण वे आम भी बर्बाद हो गए हैं। किसानों का कहना है कि लगातार बदलते मौसम ने खेती को अत्यधिक जोखिम भरा बना दिया है। आम के ठेकेदारो का कहना है की आंधी तूफान के कारण आम की फसल टूटकर जमीन पर गिर गई। जिसमे लाखो रुपए का नुकसान अब तक हो चूका है। आंधी-तूफान ने फलों को तनों से अलग कर दिया। आंधी में फलों समेत अनेक पेड़ उखड़ गए। बीते एक सप्ताह में आम की फसल को 40 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। जबकि आंधी से सब्जी की फसल को नुकसान नहीं है और बारिश से कुल मिलाकर फायदा पहुंचा है। वही शुक्रवार को आई आंधी से हरोड़ा सब्जी मंडी मे कई हजार कच्चे आम के कट्टे पहुँचे है। जिससे अंदाजा लगया जा सकता है ठेकेदारो को लाखो रुपए का नुकसान पहुंचा है। वही आम की फसल के साथ साथ पोपलर की खेती करने वालों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ा है, कई दर्जन तैयार पोपलर के पेड़ टूटकर जमीन पर गिरे है।

# नकुड़ में जल कलश यात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** श्री राधे गोविंद सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञानामृत सप्ताह का शुभारंभ रविवार को भव्य जल कलश यात्रा के साथ हुआ। प्राचीन शिवालय महादेव मंदिर से शंखध्वनि एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

पीली साड़ियों में सजी महिलाओं व युवतियों ने कलश यात्रा की शोभा बढ़ाई जबकि पूरा नगर जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयघोष से गूंज उठा। नगर चेयरमैन शिव कुमार गुप्ता ने भागवत भगवान एवं गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति अध्यक्ष राजन शर्मा व महामंत्री पंकज जैन ने बताया कि आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। प्रथम दिवस के यजमान विनीत शर्मा परिवार रहे तथा पूजन आचार्य पंडित विपिन शर्मा ने संपन्न कराया।

# शरारती तत्वों ने किया माहौल बिगाड़ने का प्रयास

**चिलकाना।** शरारती तत्वों ने नगर का माहौल खराब करने की कोशिश करते हुए कस्बा सुल्तानपुर में लगे बीएसएनएल टावर पर धार्मिक ध्वज के साथ उल्टा तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया है।

शनिवार रात्रि को नगर पंचायत सुल्तानपुर के मोहल्ला कोठीवाला में अज्ञात शरारती तत्वों ने क्षेत्र का माहौल खराब करने की कोशिश करते हुए बीएसएनएल के टावर पर एक धार्मिक ध्वज व उल्टा तिरंगा झंडा लगाकर एक गंभीर राष्ट्र विरोधी कृत्य किया। अज्ञात शरारती तत्वों ने लोगों की धार्मिक-राष्ट्रवादी भावनाओं को भड़काकर क्षेत्र में अशांति फैलाने की सोची-समझी साजिश रची। राष्ट्र के सम्मान को ठेस पहुंचाने या माहौल बिगाड़ने वाले ऐसे कृत्य देशद्रोह और राष्ट्रीय गौरव का अपमान है। जो अक्षम्य अपराध है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना टीम ने टावर से दोनों झंडों को उतार कर तिरंगे को सम्मान सहित सुरक्षित रख लिया।

**गंगोह।** महिलाओं की संस्था इनर व्हील क्लब द्वारा समाज सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए प्रेरणा लाइब्रेरी के बच्चों को शुद्ध पेयजल के लिए दो वाटर कैम्पर एवं स्वच्छता के लिए एक डस्टबिन प्रदान किये है।

# रानी अहिल्याबाई ने दी जनकल्याण को प्राथमिकताः पूजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** अहिल्या आर्मी भारत एकता मिशन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पूजा पाल ने कहा कि रानी अहिल्या बाई महान शासिका थी जिन्होंने न्याय,सेवा और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

रविवार को शहरी पुल पर आयोजित कार्यक्रम में अहिल्याबाई होल्कर जयंती कार्यक्रम में अहिल्या आर्मी भारत एकता मिशन की प्रदेश अध्यक्ष पूजा पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासक थीं, जिन्होंने न्याय, सेवा और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने महिलाओं के उत्थान, धार्मिक स्थलों के विकास तथा समाज में समरसता स्थापित करने के लिए कार्य किए। उनके आदर्श आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं।हमें उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान वक्ताओं ने भी अहिल्याबाई होल्कर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## तीन वारंटी दबोचे

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने तीन वारंटी आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल कर ली।

मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी, उपनिरीक्षक जगपाल सिंह व उपनिरीक्षक पंकज मिश्रा के नेतृत्व में तीन वारंटी आरोपियों खुशनवाज उर्फ भूरा पुत्र मजहर हसन व आसिफ पुत्र इकमाल निवासीगण मौहल्ला पक्का बाग तथा फैय्याज पुत्र अय्यूब निवासी मौहल्ला रायवाला को मंडी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी खुशनवाज उर्फ भूरा धारा-13जी एक्ट चालानी में थाना मंडी, आसिफ धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट चालानी थाना मंडी तथा फैय्याज को गिरफ्तार किया गया है।

# परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



**चिलकाना।** आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान मे हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा मे 70%से अधिक अंक लाने वाले मेघावी छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह द्वारा सम्मान पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

रविवार को आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए समाज का शिक्षित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह के माध्यम से उनका प्रयास है कि देश प्रदेश मे युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके। छात्र छात्राओं एव युवाओं का उत्साह वर्धन करने के लिए कार्यक्रम मे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने वीडियो कॉल के माध्यम से उन्हें शुभकामनायें दी। इस दौरान भीम आर्मी एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह ने सामाजिक क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आकाश काशी को भी सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे भारी संख्या मे युवा मौजूद रहे।

# पुलिस ने युवती को ले जाने वाला आरोपी पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, थाना फतेहपुर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

पूरा मामला बीते 28 मई 2026 का है, जब वादी की तहरीर के आधार पर थाना फतेहपुर में अज्ञात के खिलाफ एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने जब मामले की गहनता से विवेचना शुरू की, तो इसमें बाबर पुत्र खालिद, निवासी ग्राम संसारपुर (थाना बेहट, सहारनपुर) का नाम मुख्य आरोपी के रूप में सामने आया। इसके बाद, पीड़िता की सकुशल बरामदगी और उसके बयानों के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में कड़ी कार्रवाई करते हुए धारा 64(1) बीएनएस (दुष्कर्म) की बढ़ोतरी की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर आज, आज दोपहर आरोपी बाबर को भोगपुर पुलिया के पास से घेराबंदी कर धर दबोचा।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसकी पीड़िता से दोस्ती सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्इंस्टाग्रामश के माध्यम से हुई थी। इसी दोस्ती का फायदा उठाकर वह उसे शादी का झांसा देकर बीते 27 मई को अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस पूरी कामयाब कार्रवाई को अंजाम देने में थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा के साथ उप-निरीक्षक बबलू कुमार, हेड कांस्टेबल ललित कुमार, हेड कांस्टेबल बबलू कुमार, कांस्टेबल धनुज कुमार और रिक्रूट महिला आरक्षी संस्था ने मुख्य भूमिका निभाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# लालपुर टांडा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एस.आर.एम. अस्पताल का उद्घाटन, विधायक ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** स्वार-टांडा विधानसभा क्षेत्र के लालपुर टांडा में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित ैत्ड अस्पताल का भव्य उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। अस्पताल के शुभारंभ से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ैत्ड अस्पताल के शुरू होने से टांडा और आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं अपने क्षेत्र में ही



मिल सकेंगी। विधायक ने बताया कि अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा, विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओपीडी, अत्याधुनिक पैथोलॉजी लैब, डिजिटल एक्स-रे, आईसीयू तथा अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र के मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए रामपुर, मुरादाबाद या अन्य बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें स्थानीय स्तर पर ही बेहतर और सुलभ उपचार मिल सकेगा। अस्पताल परिसर का निरीक्षण करते हुए विधायक ने विभिन्न विभागों का जायजा लिया और चिकित्सकों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से मरीजों को बेहतर, सस्ता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ उपचार उपलब्ध कराने की अपील की। साथ ही कहा कि चिकित्सा सेवा केवल व्यवसाय नहीं बल्कि मानव सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। अस्पताल के संचालक डॉ. अरशद, डॉ. जिशान अली और डॉ. हसीब ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से एक आधुनिक अस्पताल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। लोगों की इसी मांग को ध्यान में रखते हुएै त्ड अस्पताल की स्थापना की गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अस्पताल में मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उद्घाटन समारोह में उपस्थित स्थानीय लोगों ने अस्पताल के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और जरूरतमंद मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। इस अवसर पर डॉ. अरशद (एमबीबीएस, मैनेजिंग डायरेक्टर), डॉ. जिशान अली (एमबीबीएस), डॉ. हसीब (बीएएमएस), कोतवाल टांडा, मोहम्मद सऊद, मुर्शीद, दीप गोयल प्रतिनिधि, शरीफ जमील प्रतिनिधि, हामिद अल्वी, इस्लाम मेंबर, इस्लाम मुल्ला जी, नाहिद खान, फैजान बल्ली, रियाज अहमद, महबूब अली, अशफाक अली, शहादत अली, जुल्फेकार अली, नाजिम अली, मिसवाउल हक, शानू, हबीब, रईस अहमद, इदरीस पठान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# शाहबाद में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर रामगंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस बल रहा तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र में ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर रविवार सुबह रामगंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने पवित्र रामगंगा नदी में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह तड़के से ही महिलाएं, पुरुष और बच्चे घाटों पर पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद दान-पुण्य किया तथा भगवान की पूजा कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। घाटों पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा और आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखी गई, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या हादसा न हो।



पुलिसकर्मी लगातार घाटों पर गश्त करते दिखाई दिए। वहीं मेले जैसे माहौल के चलते आसपास की दुक. ानों पर भी अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने पूजा सामग्री, प्रसाद और अन्य सामान की खरीदारी की। श्रद्धालुओं का कहना था कि ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान करने का विशेष धार्मिक महत्व होता है और इससे मन को शांति व पुण्य की प्राप्ति होती है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए शनिवार को जनपद रामपुर के सभी थानों की महिला सुरक्षा टीमों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी उपायों, आत्मरक्षा के तरीकों, उनके कानूनी अधिकारों तथा नारी सम्मान से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की उपयोगिता एवं कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। महिला सुरक्षा दल ने घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर एवं ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी घटनाओं के



प्रति जागरूक करते हुए इनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया की जानकारी भी दी। अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स तथा अन्य जागरूकता सामग्री वितरित की गई, ताकि वे अपने अधिकारों और सुरक्षा उपायों को बेहतर ढंग से समझ सकें तथा आवश्यकता पड़ने पर हेल्पलाइन सेवाओं का प्रभावी उपयोग कर सकें। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है।

# सड़क हादसे में युवक गंभीर घायल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र में रविवार सुबह एक सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मीरापुर निवासी सत्यपाल पुत्र विमल किसी कार्य से बाइक द्वारा जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक वाहन अनियंत्रित होने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को उपचार के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। हादसे की खबर से परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है। वहीं चिकित्सकों के अनुसार युवक के शरीर में गंभीर चोटें आई हैं और उसका उपचार जारी है।

# भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने सुना प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम

**( मोहम्मद फारूख असांरी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड का सामूहिक रूप से लाइव प्रसारण देखा और सुना। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक लोगों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर प्रधानमंत्री के विच. ारों को सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवा एथलीटों से संवाद करते हुए उनकी उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की प्रतिभा भारत का गौरव है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने और सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक शीतल पेय पदार्थों का उल्लेख करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत गंगा डॉल्फिन संरक्षण के प्रयासों का उल्लेख किया तथा गंगा डॉल्फिन के उपचार और संरक्षण के लिए संचालित चलित एम्बुलेंस सेवा की जानकारी भी साझा की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के उपरांत भाजपा नेता



हरिओम मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने और देशवासियों को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। इस दौरान जावित्री मौर्य, मदनलाल मौर्य, दीपक मौर्य, सुभाष मौर्य, मयंक मौर्य, पुलकित मौर्य सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# रामपुर में ऑरेंज अलर्ट जारी, आंधी-बारिश की चेतावनी से प्रशासन सतर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच दोपहर बाद आसमान में काले बादल छा गए तथा तेज ठंडी हवाएं चलने लगीं। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन मौसम विभाग की चेतावनी के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है। सचेत ऐप के माध्यम से रामपुर जनपद के लिए अगले तीन घंटों का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार जिले के कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। इसके अलावा बिजली गिरने और तेज आंधी चलने की भी संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के मुताबिक हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है, जबकि कुछ



स्थानों पर यह 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की आशंका है। ऐसे मौसम में पेड़ गिरने, कमजोर निर्माणों को नुकसान पहुंचने और जनजीवन प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। ऑरेंज अलर्ट को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपदवासियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि मौसम विभाग और प्रशासन द्वारा जारी किए जा रहे संदेशों पर लगातार नजर रखें तथा मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसा. रित चेतावनियों को गंभीरता से लें। जिलाधिकारी ने कहा कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने से बचें। तेज आंधी और बिजली कड़कने की स्थिति में पेड़ों, बिजली के खंभों तथा कमजोर भवनों के आसपास खड़े न हों। यदि यात्रा के दौरान मौसम खराब हो जाए तो सुरक्षित स्थान पर रुककर मौसम सामान्य होने का इंतजार करें। शाम होते-होते जिले के अधिकांश क्षेत्रों में आसमान काले बादलों से घिर गया, जिससे बारिश की संभावना और बढ़ गई। मौसम में आए बदलाव से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं प्रशासन संभावित आंधी, बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं को देखते हुए पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। अधिकारियों को भी स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# संगठन विरोधी गतिविधियों पर सपा सख्त, एकजुट होकर काम करने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष आसिम राजा ने पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती के लिए अनुशासन और एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी हितों के विपरीत कार्य करने वालों को पहले समझाया जाएगा, लेकिन इसके बावजूद यदि कोई व्यक्ति संगठन की मर्यादा का पालन नहीं करता है तो उसके संबंध में संगठन उचित निर्णय लेगा। रविवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक बैठक के दौरान आसिम राजा ने कहा कि समा. जवादी पार्टी हमेशा कार्यकर्ताओं के सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करती है। संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मिल-जुलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत मतभेदों को भुलाकर पार्टी के हित को सर्वोपरि रखना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से रखने की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने विश्वास जताया



कि समाजवादी पार्टी आगामी चुनाव में जिले में मजबूत प्रदर्शन करेगी। आसिम राजा ने कहा कि वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद आजम खान और अब्दुल्लाह आजम के संबंध में पार्टी पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया का सम्मान कर रही है तथा सभी आवश्यक कदम विधिक दायरे में रहकर उठाए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में स्थिति पार्टी के पक्ष में होगी। बैठक में उन्होंने सोशल मीडिया पर संयम बरतने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपसी बयानबाजी या विवादित टिप्पणी से संगठन को नुकसान पहुंचता है। इसलिए सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ अपनी बात रखें और पार्टी की छवि को मजबूत बनाने में योगदान दें। नगर अध्यक्ष ने कहा कि रामपुर समाजवादी पार्टी का मजबूत गढ़ रहा है और कार्यकर्ताओं की मेहनत तथा जनता के सहयोग से पार्टी भविष्य में भी अपनी राजनीतिक ताकत को और मजबूत करेगी। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी नेतृत्व के निर्देशों का पालन करने का संकल्प लिया।

# जमीन विवाद में घर में घुसकर मारपीट करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार



**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** थाना शाहबाद पुलिस ने जमीन और प्लॉट विवाद को लेकर घर में घुसकर गाली-गलौच, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार 26 अप्रैल 2026 को वादी द्वारा थाना शाहबाद में तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि ग्राम पस्तौर निवासी मो. अली, अफ्राहीम, खुशनूर और हैदर ने जमीन व प्लॉट के विवाद को लेकर उसके घर में घुसकर गंदी-गंदी गालियां दीं तथा वादी की भाभी और भतीजी के साथ लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से मारपीट की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस संबंध में थाना शाहबाद पर मुकदमा अपराध संख्या 112/2026 दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी शाहबाद के नेतृत्व में रविवार को थाना शाहबाद पुलिस ने वांछित आरोपी मो. अली पुत्र हैदर खां निवासी ग्राम पस्तौर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना शाहबाद में पूर्व में भी एक मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, उपनि. रीक्षक कपिल कुमार, उपनिरीक्षक बालकिशोर, हेड कांस्टेबल नरदेव तथा कांस्टेबल आयुष मलिक शामिल रहे।

# प्रतिबंधित मांगुर मछली पर मत्स्य विभाग की कार्रवाई, एक कुंतल मछली नष्ट





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में प्रतिबंधित मांगुर मछली के पालन और बिक्री के खिलाफ मत्स्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हकीमगंज गांव स्थित एक तालाब से लगभग एक कुंतल मांगुर मछली बरामद कर उसे नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान तालाब स्वामी को भविष्य में गति. विधि न करने की कड़ी चेतावनी दी गई। डीएम अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जिला मत्स्य अधिकारी प्रशांत गंगवार के नेतृत्व में मत्स्य विभाग, थाना अजीमनगर पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने तहसील सदर क्षेत्र के गांव हकीमगंज में छापेमारी की। विभाग को सूचना मिली थी कि एक निजी तालाब में प्रतिबंधित मांगुर मछली का पालन किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि होने पर टीम ने मौके पर पहुंचकर तालाब की जांच की। जांच के दौरान जाल डालकर लगभग एक कुंतल मांगुर मछली निकाली गई। इसके बाद तालाब के किनारे जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर मछलियों का वैज्ञानिक तरीके से विनष्टीकरण किया गया। बरामद मछलियों पर नमक डालकर उन्हें जमीन में दबा दिया गया। जिला मत्स्य अधिकारी प्रशांत गंगवार ने बताया कि मांगुर मछली का पालन, परिवहन और बिक्री शासन स्तर पर पूरी तरह प्रतिबंधित है। यह प्रजाति अत्यधिक मांसाहारी होती है और तालाबों व अन्य जल स्रोतों में मौजूद स्थानीय जलीय जीवों को नुकसान पहुंचाती है। इसके कारण जलीय पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है, इसलिए पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी कारणों से इस पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि यह मामला पहली बार सामने आया है, इसलिए तालाब स्वामी वसीम को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में प्रतिबंधित मांगुर मछली का पालन, खरीद-फरोख्त या व्यापार न करें। यदि दोबारा ऐसी गतिविधि पाई गई तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मत्स्य विभाग ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि कहीं प्रतिबंधित मांगुर मछली का पालन या बिक्री होती दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। तालाब स्वामी ने भी भविष्य में ऐसी मछली का पालन न करने का आश्वासन दिया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का 134 वां एपिसोड



**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को नामित सभासद अमित चंद्रवंशी के आवास पर एकत्रित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का 134वां एपिसोड सुना। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा देश और समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर रखे गए विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राजू चंद्रवंशी, नामित सभासद अर्पित वशिष्ठ, व्यापारी नेता कुलदीप भटनागर, मंडल कोषाध्यक्ष गंगा सहाय सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन की सराहना करते हुए कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रहा है।

# कबीर जयंती पर रज़ा पुस्तकालय में विशेष प्रदर्शनी का आयोजन

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** कबीर जयंती के अवसर पर रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में एक भव्य एवं विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने किया। इस अवसर पर पुस्तकालय परिसर में साहित्य, संस्कृति और अध्यात्म से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही।

प्रदर्शनी में संत कबीर के जीवन, दर्शन, काव्य, लोकचेतना तथा भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में उनके अमूल्य योगदान से संबंधित दुर्लभ पुस्तकों, पांडुलिपियों एवं अन्य महत्वपूर्ण सामग्री का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निद. ेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि संत कबीर भारतीय समाज में समरसता, मानवीय मूल्यों, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक सुधार के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके जीवनकाल में थे। उन्होंने कहा कि कबीर ने समाज को प्रेम, समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया



तथा धार्मिक आडंबरों और सामाजिक कुरीतियों का खुलकर विरोध किया। डॉ. मिश्र ने कहा कि संत कबीर को समझने के लिए भारतीय चिंतन की दो प्रमुख धाराओंख्रसगुण और निर्गुण भक्तिख्रको समझना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि उपनिषदों में ब्रह्म को "नेति-नेति" कहकर उसकी अनंतता और अनिर्वचनीयता को स्वीकार किया गया है, जबकि पुराणों और गोस्वामी तुलसीदास जैसे संतों ने सगुण स्वरूप की उपासना का मार्ग प्रस्तुत किया। संत कबीर निर्गुण भक्ति धारा के प्रमुख संत थे, जिनका मानना था कि ईश्वर की अनुभूति बाहरी कर्मकांडों से नहीं बल्कि आत्मचिंतन और आंतरिक साधना से होती है।

उन्होंने कहा कि कबीर ने अपने दोहों और साखियों के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया कि वास्तविक ईश्वर मनुष्य के भीतर विद्यमान है और उसकी अनुभूति करना ही जीवन का परम लक्ष्य है। कबीर ने गुरु की



महत्ता को भी सर्वोच्च स्थान दिया और कहा कि यदि ईश्वर रुष्ट हो जाए तो गुरु रक्षा कर सकते हैं, लेकिन यदि गुरु रुष्ट हो जाए तो ईश्वर भी रक्षा नहीं कर सकते। डॉ. मिश्र ने कहा कि कबीर ऐसे समय में सामने आए जब समाज धार्मिक कट्टरता, रूढ़िवादिता और भेदभाव से ग्रस्त था। उन्होंने निर्भीकता के साथ इन बुराइयों का विरोध किया और लोकभाषा में अपने विचार प्रस्तुत कर आम जनता तक आध्यात्मिक और सामाजिक चेतना का संदेश पहुंचाया। यही कारण है कि उन्हें भक्ति आंदोलन के प्रमुख प्रवर्तकों में गिना जाता है। उन्होंने कबीर के प्रसिद्ध दोहे "पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय। ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होयघ" का उल्लेख करते हुए कहा कि केवल पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि मनुष्य के व्यवहार, वाणी और आचरण में प्रेम का होना आवश्यक है। प्रेम ही वह शक्ति है जो समाज को जोड़ती है, वैमनस्य को समाप्त करती है और सहयोग तथा सद्भाव का वातावरण तैयार करती है। डॉ. मिश्र ने कहा कि यदि हम संत कबीर के विचारों को अपने जीवन और आचरण में उतार सकें तो यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने स्मृतियों में वर्णित "आचार: परमो धर्म:" का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्कृष्ट आचरण ही मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। जब तक हमारे व्यवहार में सद्भाव, सहिष्णुता और मानवीयता नहीं होगी, तब तक ज्ञान और उपदेश अधूरे रहेंगे।

प्रदर्शनी का उद्देश्य संत कबीर के विचारों, शिक्षाओं और साहित्यिक योगदान को नई पीढ़ी, शोधार्थियों तथा आम जनमानस तक पहुंचाना है। प्रदर्शनी में आने वाले आगंतुकों ने संत कबीर के जीवन और दर्शन से जुड़ी दुर्लभ सामग्री का अवलोकन किया तथा उनके विचारों को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन आस्था भारती झा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुस्तकालय के अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी, विद्यार्थी, साहित्य प्रेमी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ का शव, हत्या की आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** क्षेत्र के गांव धुरयाई निवासी एक अधेड़ व्यक्ति का शव रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय भागीरथ के रूप में हुई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार, भागीरथ शनिवार दोपहर घर से शाहबाद जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उनकी तलाश शुरू की, लेकिन रातभर उनका कोई सुराग नहीं लग सका। रविवार सुबह परिजनों को सूचना मिली कि बिलारी-शाहबाद मार्ग पर धुरयाई गांव जाने वाली सड़क के पास एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां भागीरथ का शव पड़ा मिला। शव मिलने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर



मृतक का फाइल फोटो

पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। मृतक के परिजनों का आरोप है कि भागीरथ की हत्या की गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की गहन व निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# दुकान में कूमल लगाकर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** थाना मिलक पुलिस ने दुकान में कूमल लगाकर नकदी व सामान चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया इन्वर्टर, बैटरी और नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर रविवार दोपहर करीब 2:50 बजे रौरा कट यात्री शेड के पास से पंकज पुत्र रघुवंशी मणि दीक्षित निवासी मोहल्ला नसीराबाद कस्बा मिलक तथा अज्जू गोस्वामी पुत्र पूरनलाल निवासी असदुल्लापुर थाना मिलक को गिरफ्तार किया गया। मामले में वादी शिवा पुत्र पूरनलाल निवासी असदुल्लापुर ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उनकी दुकान का ताला काटकर दो इन्वर्टर, दो बैटरियां, सात सिगरेट के बंडल, गल्ले में रखे पांच हजार रुपये और अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पंकज और अज्जू के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से एक बैटरी, एक इन्वर्टर तथा 1400 रुपये नकद बरामद किए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।



# तुरैहा मछुआ समाज की बैठक में जातीय जनगणना और पंचायत चुनाव पर हुई चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** रविवार को तुरैहा मछुआ समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक ग्राम सिंघनखेड़ा में जिला महामंत्री एडवोकेट राम सिंह तुरैहा के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि आगामी जातीय जनगणना में समाज के सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लें और जनगणना कर्मियों को अपनी जाति का सही उल्लेख अवश्य कराएं।

उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक संख्या सामने आने से संगठन को मजबूती मिलेगी और अधिकारों की लड़ाई को बल मिलेगा। उन्होंने जानकारी दी कि 7 जून को जिला पंचायत सभागार में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले भर से समाज के सम्मानित लोग शामिल होंगे।



उन्होंने सभी सामाजिक बंधुओं से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। बैठक में पंचायत चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने समाज के सभी पात्र लोगों से अपने वोट बनवाने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि अब समाज को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा और राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि समाज वर्तमान सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है, इसलिए समाज को उचित प्रतिनिधित्व भी मिलना चाहिए।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री एडवोकेट राम सिंह तुरैहा ने किया। इस दौरान मास्टर विक्रम सिंह, शिव कुमार, मुरारी लाल, सुनील कुमार, रामसरन लाल, जावेशराम तुरैहा, रामप्रसाद, छोटेलाल, गणेश कुमार, दिनेश कुमार, मोहनलाल एडवोकेट, रामगोपाल, रामकिशोर, अर्जुन, अगन लाल, संग्राम सिंह, प्रदीप कुमार, रमेश कुमार, रवि कुमार, राहुल, मोर्हि. हत, यश कुमार, आकाश, ओम प्रकाश सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन और थाना पटवाई में सेवानिवृत्त उपनिरीक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन रामपुर एवं थाना पटवाई में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर एवं क्षेत्राधिकारी शाहबाद ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी।

समारोह में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस संजय कुमार एवं वीरेन्द्र सिंह को उनकी उत्कृष्ट एवं दीर्घकालीन सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। संजय कुमार ने वर्ष 1989 में रामपुर पुलिस लाइन में आरक्षी के रूप में सेवा शुरू की थी और करीब 37 वर्ष 4 माह की सेवा के बाद थाना खजुरिया से उपनिरीक्षक पद पर सेवानिवृत्त हुए।

अपने सेवाकाल में उन्हें 27 नगद





पुरस्कार एवं 31 उत्तम प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

वहीं वीरेन्द्र सिंह ने वर्ष 1986 में बरेली पुलिस लाइन से अपनी सेवा शुरू की थी और लगभग 39 वर्ष 10 माह की सेवा के बाद थाना पटवाई से उपनिरीक्षक पद से सेवा. निवृत्त हुए। उन्हें सेवाकाल में 25 नगद पुरस्कार, 40 उत्तम प्रविष्टियां तथा पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

अधिकारियों ने दोनों पुलिसकर्मियों की निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। समारोह में उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके योगदान को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी।

# व्यापारियों को संगठित करने के लिए बैठक आयोजित, विभिन्न बाजारों के प्रभारी मनोनीत

( सलीम खान )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यालय पर व्यापारी समाज को मजबूत करने और व्यापा. रिक हितों की रक्षा के उद्देश्य से एक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों को एकजुट कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने पर चर्चा की गई। बैठक में शहर के विभिन्न बाजारों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए। आसिफ खान को नगर प्रभारी, शादाब खान को शाहबाद गेट से राहे मुर्तजा रोड का प्रभारी, गोपाल शर्मा को सिविल लाइन प्रभारी, संदीप शर्मा को ज्वालानगर प्रभारी, नासिर लाला को सराय गेट से बापू मॉल तक तथा सईद खुसरो को बापू मॉल से हामिद गेट क्षेत्र का प्रभारी मनोनीत किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा





कि हाउस टैक्स और वाटर टैक्स की समस्या को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वाटर टैक्स की बढ़ी हुई दरों पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन नगर पालिका परिषद रामपुर अभी तक इन आदेशों का पालन नहीं कर रही है। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आगे की रणनीति तय करेगा।

बैठक में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राज बहादुर यादव, जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, आसिफ खान, शाहिद खुसरो, नासिर लाला, संदीप शर्मा, गोपाल शर्मा, अब्दुल कादिर, योगेश अग्रवाल, साजिद खान, मेराज हुसैन सहित सैकड़ों व्यापारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मारपीट करने पर तीन पर रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** क्षेत्र के गांव खंदेली निवासी एक युवक ने गांव के ही तीन लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव खंदेली निवासी अमरपाल पुत्र रामकिशन ने शाहबाद थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार की रात करीब नौ बजे वह अपने घर पर मौजूद था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही विवेक, शिव कुमार और पवन वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित का कहना है कि जब उसने गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने लगाया जनता दरबार, समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अपने कैम्प कार्यालय पर जनता दरबार का आयोजन कर क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जनपद के विभिन्न गांवों, कस्बों और नगर क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, पेंशन, आवास, चिकित्सा और अन्य जनहित से जुड़े मामलों को सांसद के समक्ष रखा। सांसद ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में कई ऐसे मामले भी सामने आए जिनका समाधान मौके पर ही करा दिया गया, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिली। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी



प्राथमिकता है और जनप्रतिनिधि होने के नाते आम नागरिकों की परेशानियों को दूर करना उनका दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने रामपुर शहर में अतीक साहब की नई इत्र शॉप का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने दुकान स्वामी को नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं देते हुए व्यवसाय की उन्नति और सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और क्षेत्र की आर्थिक गति. विधियों को मजबूती मिलती है। अपने निर्धारित कार्यक्रमों के क्रम में सांसद मोहिबुल्लाह नदवी मिलक क्षेत्र के ग्राम निपनिया भी पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय निवासी लियाकत खान के पुत्र फैजान खान के विवाह समारोह में शिरकत की। सांसद ने नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद और समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर खुशी के इस अवसर पर अपनी शुभेच्छाएं व्यक्त कीं। इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेंद्र सागर, वरिष्ठ सपा नेता तेजिंदर सिंह विर्क, अथर खान नगर पालिका प्रतिनिधि बिलासपुर, रामबहादुर सागर, डॉ. मकतूब, मुन्ना, गुरजीत सिंह चीमा, बदन सिंह यादव, धीरेंद्र यादव एडवोकेट, प्रेम किशोर दिवाकर, सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा, हाफिज नूरी, उवैद एडवोकेट, अरशद अली एडवोकेट, नासिर शेख, जमील सैफी, जुबैर, युवा सपा नेता सैफ, अब्दुल्लाह तुर्की, कल्वे अली, रियाज अहमद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा द्वारा दी गई।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर रामगंगा तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी



शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार सुबह सैफनी क्षेत्र स्थित रामगंगा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने रामगंगा में स्नान कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि तथा क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

भोर होते ही श्रद्धालु रामगंगा तट पर पहुंचने लगे। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ नदी में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य कर धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न किए। घाटों पर पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहा और ष्हर-हर गंगेष के जयघोष गूंजते रहे।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल भी मुस्तैद रहा। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे।

ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर रामग. ंगा तट पर आस्था, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय
निकट कचहरी का दूसरा गेट कपूर फोटो के बराबर वाली गली रामपुर
इमरान हुसैन
ब्यूरो चीफ रामपुर
सम्पर्क सूत्र: 9720093014

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बंगाल में फिर हिंसा

देश महंगाई की चपेट में है, रोजाना प्रयोग होने वाली चीजें महंगी हो गई है, दूसरी ओर देश का एक राज्य पश्चिमी बंगाल बदले की भावना की आग में जल रहा है। आखिरे देश किस ओर जा रहा है और हमारे मंत्री से लेकर संतरी तक आंख बंद कर बैठे हुए हैं। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से लगातार सियासी बवाल जारी है। शनिवार को टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के बाद अब पार्टी के एक और सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला किया गया है। इसके बाद तनाव और भी बढ़ गया है। हुगली में प्रदर्शनकारियों ने कल्याण बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चोर-चोर के नारे लगाए। इसके साथ उनके साथ मारपीट भी की गई। वहीं इस पूरे मामले पर टीएमसी सांसद का बयान सामने आया है। उन्होंने अपने ऊपर हुए हमले के पीछे बीजेपी का हाथ बताया है, जबकि बीजेपी का कहना है कि ये सब टीएमसी का ड्रामा है, इसके अलावा कुछ भी नहीं। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि जब ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री थी, तब बीजेपी के कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ था। अब वहां भाजपा के सीएम शुभेंदु की सरकार है। अगर बीजेपी हिंसा में विश्वास नहीं रखती, तो सवाल उठता है कि अब टीएमसी नेताओं पर हमले क्यों हो रहे हैं। यह तो वही बात हुई कि अगर कुत्ता इंसान को काट ले, तो इंसान कुत्ते को नहीं काटता, केवल अपना इलाज करवाता है। इसलिए यदि भाजपा सरकार को लग रहा है कि टीएमसी के नेता भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं, जो सरकार को कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और सरकार की आड़ में टीएमसी नेताओं पर हमले हो रहे है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी चंडीतला पुलिस स्टेशन के ऑफिसर इंचार्ज से मिलने और ज्ञापन देने के लिए कार से आ रहा थे, तो चंडीतला मार्केट में बहुत ज्यादा ट्रैफिक जाम था। उस समय वे अपने पीएसओ के साथ चंडीतला क्रॉसिंग पर चल रहे थे, जो चंडीतला पुलिस स्टेशन से 50 किलोमीटर दूर है। भगवा कपड़ों में 10-15 भाजपा के गुंडे थे, जिन्होंने अचानक नारे लगाए और दुश्मनी का माहौल बना दिया। इसके साथ ही बंगाल पुलिस चुपचाप तमाशा देखती रही। इसका मतलब ये हुआ कि भाजपा सरकार में पुलिस भी निकम्मी हो गई है। किसी भी राज्य की पुलिस की जिम्मेदारी अपराध रोकने की होती है, लेकिन पश्चिम बंगाल पुलिस अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा सकी। जब पुलिस ही निरंकुश हो जाएगी, तो अपराध बढ़ेंगे ही। फिर सीएम शुभेंदु कैसे कहेंगे कि उनके राज्य में अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। सरकार बनने के बाद किसी भी सीएम की जिम्मेदारी राज्य में अपराध रोकने की होती है। इसके सामने पार्टी गौण होती है, लेकिन पश्चिम बंगाल में जो कुछ हो रहा है, उसे किसी भी स्तर पर ठीक नहीं कहा जा सकता, क्योंकि बदला लेने की भावना हमारे देश की परंपरा नहीं है।

## भाजपा सरकार के दावों की पोल खुली



भाजपा याद रखे कि वो जिस हिंसक राजनीति को दूध पिलाकर पाल-पोस रही है, वो आस्तीन की सांप है, पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में वयोवृद्ध तृणमूल सांसद श्री कल्याण बनर्जी पर जानलेवा हमला बेहद निंदनीय और गंभीर घटना है। लोकसभा स्पीकर संज्ञान लें, इससे पूर्व दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले की घटना ने पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार के दावों की पोल खोलते हुए गंभीर सवाल खड़े कर दिया हैं, हमलावरों की पहचान कर उन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**-अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

( सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003 )

# छोटे से मदरसे से विश्व विख्यात संस्था बनना मामूली बात नहीं



शहजाद अली



**हाजी आबिद हुसैन तसव्वुफ के बड़े आलिम थे। उन्हें प्रसिद्ध सूफी संत हाजी इमदादुल्लाह मुहाजिर मक्की से खिलाफत (आध्यात्मिक उत्तराधिकार) प्राप्त थी। 1857 की क्रांति की विफलता के बाद जब भारत में मुस्लिम समाज सांस्कृतिक और शैक्षिक रूप से बिखर रहा था, तब हाजी आबिद हुसैन की आध्यात्मिक साख और इमाम कासिम नानौतवी के अकादमिक दृष्टिकोण ने मिलकर देवबंदी आंदोलन को जन्म दिया। दारुल उलूम देवबंद के प्रथम स्नातक महमूद हसन (शेखुल हिंद) ने रेशमी रुमाल आंदोलन (Silk Letter Movement) के जरिए अंग्रेजों को उखाड़ फेंकने की राजनैतिक आन्दोलन कायम किया।**

हाजी सैयद मुहम्मद आबिद हुसैन देवबंदी दारुल उलूम देवबंद के मुख्य संस्थापकों और इसकी आधारशिला रखने वाले प्राथमिक स्तंभ हैं। ऐतिहासिक तथ्यों और तर्कों के आधार पर उन्हें इस वैश्विक इस्लामी संस्थान के संस्थापकों में शीर्ष स्थान प्राप्त है। 30 मई 1866 (15 मुहर्रम 1283 हिजरी) को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद कस्बे की छत्ता मस्जिद में एक अनार के पेड़ के नीचे इस ऐतिहासिक मदरसे की शुरुआत हुई थी। इस महान कार्य में उनके साथ मौलाना फजलुर्रहमान, मौलाना जुल्फिकार अली, हाजी फजलेहक, उलेमा शामिल थे।

हाजी आबिद हुसैन के संस्थापक होने के पक्ष में तर्कसंगत और ऐतिहासिक साक्ष्य निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से समझे जा सकते हैं-

### संस्थागत आधारशिला और चंदा संग्रह की शुरुआत

ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार, देवबंद में एक व्यवस्थित और स्वतंत्र उच्च स्तरीय अरबी मदरसे की स्थापना के व्यावहारिक विचार को धरातल पर उतारने में हाजी आबिद हुसैन की भूमिका सबसे अग्रणी थी। उन्होंने ही सबसे पहले इस संस्थान के लिए सार्वजनिक चंदा इकट्ठा करने का अभियान शुरू किया था। उलेमाओं के इस समूह का नेतृत्व करते हुए उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रभाव से लोगों को इस शैक्षणिक क्रांति से जोड़ा।

### दारुल उलूम के प्रथम मोहतमिम

हाजी आबिद हुसैन न केवल इसके संस्थापक सदस्य थे, बल्कि वे दारुल उलूम देवबंद के सबसे पहले मोहतमिम बनाए गए थे। उन्होंने तीन अलग-अलग कार्यकालों में इस पद को संभाला और संस्थान के प्रशासनिक ढांचे की मजबूत नींव रखी।

प्रथम कार्यकाल - 1866 से 1867 तक
द्वितीय कार्यकाल - 1869 से 1871 तक
तृतीय कार्यकाल - 1890 से 1892 तक

### मदरसे की इमारत के लिए भूमि और वैधानिक दस्तावेज

जब दारुल उलूम को मस्जिद से निकालकर एक स्वतंत्र और भव्य शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया, तो हाजी आबिद हुसैन ने इसमें केंद्रीय भूमिका निभाई। संस्थान की नई इमारत के निर्माण के लिए जो जमीन खरीदी गई थी, उसका बिक्री-विलेख (Sale-Deed) हाजी आबिद हुसैन के नाम पर ही हस्ताक्षरित हुआ था। मियांजी मुन्ने शाह के बाद वे दूसरे ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने इस नई इमारत की आधारशिला (नींव का पत्थर) रखी थी।

हाजी आबिद हुसैन तसव्वुफ के बड़े आलिम थे। उन्हें प्रसिद्ध सूफी संत हाजी इमदादुल्लाह मुहाजिर मक्की से खिलाफत (आध्यात्मिक उत्तराधिकार) प्राप्त थी। 1857 की क्रांति की विफलता के बाद जब भारत में मुस्लिम समाज सांस्कृतिक और शैक्षिक रूप से बिखर रहा था, तब हाजी आबिद हुसैन की आध्यात्मिक साख और इमाम कासिम नानौतवी के अकादमिक दृष्टिकोण ने मिलकर देवबंदी आंदोलन को जन्म दिया। दारुल उलूम देवबंद के प्रथम स्नातक महमूद हसन (शेखुल हिंद) ने रेशमी रुमाल आंदोलन (Silk Letter Movement) के जरिए अंग्रेजों को उखाड़ फेंकने की राजनैतिक आन्दोलन कायम किया। यहां के उलेमा ने बाद में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की स्थापना की और द्वि-राष्ट्र सिद्धांत (Two-Nation Theory) का विरोध करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ मिलकर अखंड भारत की आजादी की लड़ाई लड़ी। वैश्विक और भारतीय इतिहासकारों (जैसे क्रिस्टोफ जाफ्रेलॉट और जियाउद्दीन सरदार) के शोध इस बात की पुष्टि करते हैं कि हाजी आबिद हुसैन ने ही सूफी परंपरा और जन-भागीदारी के मेल से इस मदरसे की शुरुआत की थी, जिसमें बाद में इमाम कासिम नानौतवी मुख्य मार्गदर्शक के रूप में शामिल हुए। तर्कसंगत और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर यह पूरी तरह अकाट्य है कि हाजी आबिद हुसैन देवबंदी केवल एक सहयोगी नहीं, बल्कि दारुल उलूम देवबंद के मूल संस्थापक, पहले प्रशासनिक प्रमुख और इसके अस्तित्व के जन्मदाता थे। उनके बिना देवबंद आंदोलन और इस महान इदारे के आरंभिक इतिहास की कल्पना असंभव है परन्तु यह भी विडम्बना है कि इस महापुरुष के साथ घोर नाइंसाफी यह है कि इनके नाम पर दारुलउलूम में कोई विभाग, भवन, एकेडमी आदि का नामकरण नहीं हो पाया। 2024 के प्रस्ताव के अनुसार दारुल उलूम ने हाजी आबिद हुसैन देवबंदी को संस्थापक मानते हुए इनके नाम पर एक इमारत के नामकरण को स्वीकार किया गया है। यह कहावत देर आयद दुरुस्त आयद तो कहा जा सकता है मगर अपने ऊपर एक सवाल खड़ा कर रहा है कि हकीकत और इतिहास को स्वीकार करने में इतनी बाधा क्यों आती है।

# युवाओं में प्रचलित हुक्का बन सकता है जान का दुश्मन

**हुक्का पीने से सबसे पहले गले पर असर पड़ता है लगतार धुएं के सम्पर्क में रहने से गले में जलन, खरास और सूजन होने लगती है। कई लोगों को बार-बार खांसी की समस्या हो जाती है। लंबे समय तक हुक्का पीने से आवाज बैठने लगती है और बोलने में कठिनाई भी हो सकती है। इसके अलावा गले में कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। नाक पर भी हुक्के का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हुक्के का धुआं नाक की अंदरूनी झिल्ली को प्रभावित करता है।**

डा. एम.के. तनेजा



आज के समय में युवाओं के बीच हुक्का पीना एक फैशन बन गया है। बहुत से लोग यह मानते है कि हुक्का सिगरेट की तुलना में कम नुकसानदायक होता है लेकिन यह धारणा गलत है। हुक्का स्वास्थ्य के लिए सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पाद से कई गुना अधिक हानिकारक हैं। हुक्के में निकोटिन, कार्बन मोनोऑसाइड और कई जहरीले रसायन पाए जाते है जो शरीर के विभिन्न अंगो पर बुरा प्रभाव डालते हैं। विशेष रूप से कान, नाक और गले पर इसके गंभीर दुष्प्रभाव दिखने को मिलते हैं। हुक्का पीने से सबसे पहले गले पर असर पडता है लगतार धुएं के सम्पर्क में रहने से गले में जलन, खरास और सूजन होने लगती है। कई लोगो को बार बार खांसी की समस्या हो जाती है। लंबे समय तक हुक्का पीने से आवाज बैठने लगती है और बोलने में कठिनाई भी हो सकती है। इसके अलावा गले में कैंसर होने की संभावना बढ जाती है। नाक पर भी हुक्के का नकारात्मक प्रभाव पडता है। हुक्के का धुआं नाक की अंदरूनी झिल्ली को प्रभावित करता है जिससे एलर्जी, साइनस और नाक बंद रहने जैसी समस्याएं हो सकती है। कुछ लोगो को सांस लेने में परेशानी होने लगती है। धुएं के कारण नाक की सूंघने की क्षमता भी कम हो सकती है। कानों पर भी इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव पडता है। गले और नाक में संक्रमण होने पर उसका असर कानों तक पहुंच सकता है। इससे कान में दर्द, भारीपन या सुनने में परेशानी हो सकती है। बच्चों और युवाओं में यह समस्या अधिक देखने को मिलती है। वृद्धापन होने वाला बहरापन बढ़ जाता है। मधुमेह के रोगी में विशेष हानिकारक होता है। हुक्का पीने से मुंह और दांतो पर भी असर पड़ता है, इससे दांत पीले पड जाते हैं। मसूड़ों में सूजन आ जाती है और मुंह से दुर्गंध आने लगती है। लगातार हुक्का पीने वाले लोगों में मुंह के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। हुक्का केवल कान, नाक और गले को ही नहीं बल्कि पूरे शरीर को प्रभावित करता है इससे फेफड़ों की क्षमता कम होती है और सांस संबंधी रोग बढ़ते हैं। हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और कमजोरी जैसी समस्याएं भी हो सकती है। गर्भवती महिलाओं के लिए हुक्का अत्यंत हानिकारक माना जाता है क्योंकि इसका प्रभाव बच्चे के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। सामान्यतया यह माना जाता है कि धुंआ पानी से छनकर आने के कारण हानिकारक तत्व पानी में रह जाते हैं। ऐसा नहीं है केवल तापमान गिर जाता है। टोक्सिक पदार्थ स्वास्थ्य के साथ फेफड़ों में पहुंचते हैं।



दूसरा महत्वपूर्ण यह है कि हुक्के में शीशा इत्यादि खराब पदार्थ मिले होने के कारण कैंसर का खतरा कई गुणा बढ़ जाता है। सबसे हानिकारक है सिगरेट की अपेक्षा हुक्के में दम कई गुणा ताकत से लगाने के कारण यह फेफड़ों और साईनस के अन्दर गहराई तक जाकर नुकसान पहुंच. ाता है। समाज में यह जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है कि हुक्का किसी भी प्रकार से सुरक्षित नहीं है। युवाओं को इसके दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से लोगों को तम्बाकू और हुक्के से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि कोई हुक्का पीने की आदत छोड़ना चाहता है तो उसे परिवार और डाक्टर की सहायता लेनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# टीवी चैनलों की डिबेट में कम जानकारी रखने वाले न बुलाए जाएं



शिबली रामपुरी



मौजूदा समय में टीवी चैनलों पर जिस तरह की डिबेट हो रही है, उसे देखकर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि या तो कुछ चेहरे सिर्फ पैसों के लिए वहां जाते हैं या फिर डिबेट में शामिल होने वाले अधिकांश लोगों के पास इतना ज्ञान नहीं होता कि वे अपनी बात प्रभावी ढंग से रख सकें। नतीजा यह होता है कि उनकी बदनामी होती है या फिर उनका मजाक उड़ाया जाता है।

हम काफी समय से देख रहे हैं कि अधिकांश टीवी चैनलों की डिबेट में वास्तविक चर्चा के बजाय कुछ और ही होता है, जिसका न तो जनता की समस्याओं से कोई संबंध होता है और न ही उसे पत्रकारिता की मर्यादा में रखा जा सकता है। पिछले कई वर्षों से अधिकतर चैनलों पर हिंदू-मुस्लिम मुद्दों के नाम पर बहस के मंच सजते हैं। इनमें राजनीतिक लोगों से लेकर खुद को आलिम बताने वाले लोग भी शामिल होते हैं। इनमें से कई ऐसे होते हैं जिनकी बातें सुनकर लगता है कि या तो उन्हें सिर्फ पैसे लेकर बुलाया गया है या फिर उनके पास इतना ज्ञान ही नहीं है कि वे मुसलमानों से जुड़े मुद्दों पर मजबूती के साथ अपनी बात रख सकें।

कुछ लोग यह भी कहते हैं कि टीवी चैनलों पर होने वाली ऐसी डिबेट का बहिष्कार कर देना चाहिए, लेकिन आज के मीडिया युग में मीडिया से दूरी बनाकर नहीं रहा जा सकता, क्योंकि इससे मुसलमानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है और वे उठा भी रहे हैं। यह एक कड़वी सच्चाई है कि मुसलमान आज भी मीडिया से उस स्तर पर नहीं जुड़ पाए हैं, जिस स्तर पर उन्हें जुड़ना चाहिए था। उन्होंने अभी तक मीडिया को अपनी आवश्यकताओं में उस तरह शामिल नहीं किया है, जितनी आज एक मजबूत और प्रभावशाली मीडिया की उन्हें आवश्यकता है। जब तक मुसलमान मीडिया की अहमियत को नहीं समझेंगे, तब तक उनके सामने इसी तरह की समस्याएं आती रहेंगी और टीवी चैनलों की डिबेट में उनके बारे में वैसी ही बातें होती रहेंगी जैसी आज देखने को मिल रही हैं। यदि गंभीरता से विचार किया जाए कि आज मुसलमानों के पक्ष को मजबूती और प्रभावी ढंग से रखने वाले कितने लोग टीवी चैनलों की डिबेट में मौजूद हैं, तो अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। केवल कुछ ही लोग ऐसे दिखाई देते हैं जो मुस्लिम मुद्दों पर होने वाली बहस में अपनी बात प्रभावशाली ढंग से रख पाते हैं। बाकी लोगों का हाल यह है कि वे अक्सर हंगामा करते हुए नजर आते हैं या फिर जवाब न होने की स्थिति में उनका मजाक तक उड़ाया जाता है।

मीडिया समय की जरूरत है और मुसलमानों की भी एक बड़ी जरूरत है। इसलिए आवश्यक है कि योग्य मुसलमान आगे आएं। विशेष रूप से प्रतिभाशाली और पढ़े-लिखे युवाओं को आगे बढ़ना चाहिए तथा उनकी हौसला-अफजाई की जानी चाहिए। मीडिया में ऐसे ही सक्षम मुस्लिम युवाओं को अवसर मिलना चाहिए जिन्हें धार्मिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक, राजनीतिक और समसामयिक मुद्दों की भी अच्छी समझ हो। मीडिया में मुसलमानों की स्थिति का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब देश का कोई बड़ा आलिम किसी मुद्दे पर अपनी व्यक्तिगत राय देता है, तो कई मीडिया संस्थान उसे 'फतवा' के रूप में प्रस्तुत कर देते हैं, जबकि फतवे और व्यक्तिगत राय में जमीन-आसमान का अंतर होता है। किसी भी डिबेट में हंगामा या शोर-शराबा करने से कुछ हासिल नहीं होने वाला। यह केवल एक गलत तरीका है। बेहतर यही है कि शालीनता, तर्क और प्रभावी शैली के साथ अपनी बात मीडिया में रखी जाए। जो मुस्लिम संगठन मुसलमानों की भलाई के लिए काम करते हैं और जिनके कई कार्य सराहनीय भी हैं, दुर्भाग्य की बात यह है कि मीडिया के क्षेत्र में उनकी ओर से भी ऐसे आवश्यक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं जिनसे यह कहा जा सके कि वे समुदाय की सही तस्वीर पेश करने के लिए मीडिया में गंभीर प्रयास कर रहे हैं। आज स्थिति यह हो गई है कि मुसलमानों के बारे में अनेक गलतफहमियां पैदा कर दी गई हैं, जिनका नुकसान कहीं न कहीं उन्हें उठाना पड़ रहा है। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि जब टीवी चैनलों की डिबेट में मुस्लिम मुद्दों पर चर्चा होती है, तो वहां मुसलमानों की सही तस्वीर पेश होने के बजाय उनके बारे में गलत धारणाएं अधिक पैदा होती हैं और फिर वे गलतफहमियां दूर-दूर तक फैल जाती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



# बुढ़ापा रोकने की तकनीक बना रहा रूस

## सुअर के अंदर इंसानी अंग उगाने पर काम जारी, 2.47 लाख करोड़ का एंटी एजिंग प्रोजेक्ट



■ इस प्रोजेक्ट का एक बड़ा हिस्सा बायोप्रिंटिंग पर आधारित है

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बढ़ती उम्र और शरीर की कमजोरी को रोकने के लिए 26 अरब डॉलर यानी करीब 2.47 लाख करोड़ रुपए का बड़ा सरकारी प्रोजेक्ट शुरू किया है। 'न्यू हेल्थ प्रिजर्वेशन टेक्नोलाजीज' नाम के इस प्रोग्राम में मिनी-पिग्स (विशेष प्रजाति के सुअर) के अंदर इंसानी अंग उगाने जैसे तकनीकों पर काम किया जाएगा।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुता. बिक, इस प्रोजेक्ट में जीन थेरेपी, लैब में इंसानी अंग तैयार करना और बेहद कम तापमान वाली क्रायोथेरेपी जैसी तकनीकों पर भी काम होगा। रूसी सरकार का दावा है कि इस मिशन का मकसद उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करना और दशक के अंत तक करीब 1.75 लाख लोगों की जान बचाना है। रूस के डिप्टी साइंस मिनिस्टर डेनिस सेकिरीनस्की ने अप्रैल में कहा था कि वैज्ञानिक ऐसी जीन थेरेपी तैयार कर रहे हैं, जो शरीर की कोशिकाओं की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सके। उन्होंने इसे एंटी-एजिंग की दिशा में सबसे अहम रिसर्च में से एक बताया। इस प्रोजेक्ट का एक बड़ा हिस्सा बायोप्रिंटिंग पर आधारित है। इसमें 3डी प्रिंटर की मदद से जीवित टिश्यू और अंग तैयार किए जाते हैं। रूसी वैज्ञानिकों का दावा है कि वे इंसानी कार्टिलेज और चूहे की थायरायड ग्लैंड तैयार कर चुके हैं। लक्ष्य है कि 2030 तक इंसानी अंगों का पूरी तरह रिप्लेसमेंट किया जा सके। इसके साथ ही रूस जेनिटिकली माडिफाइड मिनी-पिग्स के अंदर इंसानी लिवर, किडनी और दिल को विकसित करने पर भी काम कर रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे भविष्य में आर्गन ट्रांसप्लांट की कमी दूर हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन काफी समय से क्रायोथेरेपी और पेप्टाइड थेरेपी लेते रहे हैं। रूस के वैज्ञानिक व्लादिमिर खाविंसन पुतिन को बछड़ों के टिशू से बने खास पेप्टाइड्स देते थे। वे पेप्टाइड थेरेपी के जरिए एंटी-एजिंग इलाज का समर्थन करते थे। उनका दावा था कि इंसान 120 साल तक जी सकता है। ऐसा कहा जाता है कि पुतिन खुद को जवान रखने के लिए क्रायोथेरेपी का इस्तेमाल भी करते हैं। इसमें शरीर को करीब माइनस 112 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में कुछ समय रखा जाता है। आस्ट्रिया के पूर्व चांसलर सेबास्टियन कुर्ज ने बताया था कि 2018 में क्रेमलिन की एक बैठक के दौरान पुतिन ने उन्हें इस थेरेपी के फायदे विस्तार से बताए थे। पुतिन खुद को जवान रखने के लिए-112 डिग्री सेल्सियस ठंडे पानी में रहते है। इसे क्रायोथेरेपी या कोल्ड-थेरेपी कहा जाता है। पिछले साल बीजिंग में एक सैन्य परेड के दौरान पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिन. पिंग की बातचीत खूब चर्चा में रही थी। दरअसल वे इंसानी अंग बदलकर जीवन बढ़ाने और इंसानों के 150 साल तक जीने की संभावना पर बात करते सुनाई दिए थे। यह बातचीत एक हॉट-माइक रिकार्डिंग में दर्ज हो गई थी। उस समय इसे दो उम्रदराज नेताओं की सामान्य बातचीत माना गया, लेकिन अब इसे रूस की लंबी उम्र वाली सरकारी योजना से जोड़कर देखा जा रहा है। 73 साल के पुतिन लंबे समय से खुद को ताकतवर और फिट नेता के रूप में पेश करते रहे हैं।

# नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने दिया विवादित बयान

■ कहा: भारत ने नेपाल की जमीन पर जैसे अतिक्रमण किया है, वैसे ही कई जगहों पर नेपाल ने भी भारत की जमीन पर अतिक्रमण किया

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने रविवार को संसद में एक विवादित बयान देते हुए कहा कि जैसे भारत ने नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण किया है, वैसे ही नेपाल ने भी कई जगहों पर भारत की जमीन पर अतिक्रमण किया है।

द काठमांडू पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल के प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी के सीमा विवाद को कूटनीतिक बातचीत के जरिए सुलझाया जाएगा। श्रम संस्कृति पार्टी के सांसद आरेन राय के संसद में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे पता चला कि न केवल भारत ने नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण किया है, बल्कि नेपाल ने भी कई जगहों पर भारत की भूमि पर अतिक्रमण किया है। इस मामले पर दोनों पक्षों को एक साथ बैठकर विचार करने की जरूरत है। इसके अलावा, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा के रास्ते भारत और चीन के बीच होने वाले व्यापार पर नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी- लेनिनवादी) की उप-संसदीय दल की नेता पद्मा अर्याल के एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी विवाद का समाधान कूटनीतिक बातचीत के जरिए निकाला जाएगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को नई धमकी

## कहा: अमेरिका ईरान से बहुत अच्छे समझौते के करीब, नहीं बनी बात, तो अपनाएंगे दूसरा रास्ता



■ हम एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं अगर हम इसे कर लेते हैं, तो अच्छा है: ट्रम्प
■ अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक, ईरान ने कहा है: वह परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और ईरान एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वाशिंगटन को अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप नतीजा नहीं मिला तो वह इसे दूसरे तरीके से खत्म करेगा।

ट्रम्प ने यह टिप्पणी अपनी बहू लारा ट्रम्प को दिए एक साक्षात्कार में की, जिसका प्रसारण शनिवार रात फाक्स न्यूज पर हुआ। उन्होंने कहा कि हम एक बहुत अच्छे सौदे के करीब हैं। अगर आप जल्दबाजी करेंगे, तो आपको अच्छा सौदा नहीं मिलेगा। धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से, हमें वह मिल रहा है जो हम चाहते हैं-और अगर हमें वह नहीं मिला जो हम चाहते हैं, तो हम इसे किसी और तरीके से समाप्त करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि ईरानी अच्छे वार्ताकार हैं, लेकिन उनका दावा था कि इस समय अमेरिका के पास सभी पत्ते हैं, क्योंकि ईरान सैन्य रूप से परा. जित हो चुका है। उन्होंने कहा कि हम एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। अगर हम इसे कर लेते हैं, तो अच्छा है। वरना हम सीधे युद्ध विभाग को लाएंगे, जैसा कि हम इसके नाम को बुलाते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक, ईरान ने कहा है कि वह परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा। हालांकि, उन्होंने सवाल उठाया कि अगर वह ऐसा हथियार खरीद ले तो क्या होगा। उन्होंने कहा कि अब इसमें लिखा है कि हम न तो सैन्य हथियार विकसित करेंगे और न ही किसी भी तरह से खरीदेंगे। यह एक बड़ा अंतर है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका का ईरान पर महत्वपूर्ण दबाव है, क्योंकि उसकी नौसेना और वायुसेना पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान की पूरी सैन्य क्षमता को खत्म नहीं किया, क्योंकि वहां के कुछ नेता अपेक्षाकृत नरम रुख वाले हैं। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अधिक कट्टरपंथी तत्वों और प्रमुख नेतृत्व को निशाना बनाया। शुक्रवार को ट्रम्प ने सिचुएशन रूम में अपने कैबिनेट सहयोगियों और सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक की, लेकिन भविष्य की रणनीति को लेकर कोई स्पष्ट निर्णय सामने नहीं आया। इस बीच, अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सिओस की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प ने उस समझौते में कई संशोधनों की मांग की है, जिस पर अमेरिकी और ईरानी प्रति. निधियों के बीच सहमति बनी थी।

### आईआरजीसी ने अमेरिकी ड्रोन मार गिराने का किया दावा

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स ने रविवार को एक बयान में कहा कि उसने अमेरिका के एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराया है। यह जानकारी इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह ड्रोन कथित तौर पर ईरान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में दाखिल हुआ था। आईआरजीसी ने कहा कि ड्रोन का तुरंत पता लगा लिया गया और उसे वायु रक्षा मिसाइलों से गिरा दिया गया। इससे पहले आईआरजीसी ने कहा था कि अगर अमेरिका युद्धविराम (सीजफायर) का उल्लंघन करता है, तो उसके पास जवाबी कार्रवाई करने का 'वैध और निश्चित' अधिकार सुरक्षित है। आईआरजीसी ने दावा किया था कि उसकी वायु रक्षा इकाइयों ने अमेरिका के एमक्यू-9 ड्रोन को भी मार गिराया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, आईआरजीसी ने यह भी कहा कि उसने एक लड़ाकू विमान पर फायरिंग की, जो कथित तौर पर ईरानी हवाई क्षेत्र में घुस आया था। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका ने कहा है कि उसने ईरान पर नए 'आत्मरक्षा संबंधी हमले' किए हैं।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

# रूस के ऊर्जा ठिकानों पर यूक्रेन की ड्रोन स्ट्राइक

## परमाणु संयंत्र पर हमले का आरोप किया खारिज रूसी अधिकारियों ने हमले की पुष्टि की



**मास्को।** यूक्रेन ने शनिवार रात से रविवार तक रूस के ऊर्जा ठिकानों पर नए हमले किए। रूसी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, कीव ने रूस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि एक यूक्रेनी ड्रोन ने क्रेमलिन के कब्जे वाले एक अहम परमाणु संयंत्र पर हमला किया। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रूस के दक्षिण-पश्चिमी रोस्तोव क्षेत्र के गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने रविवार को टेलीग्राम पर बताया कि ड्रोन के मलबे से एक ईंधन भंडारण केंद्र में आग लग गई। उन्होंने कहा कि आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। गवर्नर रोमन बुसार्गिन के अनुसार, ड्रोन हमलों से दक्षिण-पश्चिमी रूस के सारातोव प्रांत में नागरिक बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा। स्वतंत्र रूसी समाचार चौनल एस्ट्रा ने बताया कि क्षेत्रीय राजधानी सारातोव में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। यूक्रेन ने हाल के महीनों में रूस की तेल और गैस सुविधाओं पर हमले तेज कर दिए हैं। उसका कहना है कि ऊर्जा क्षेत्र से मिलने वाला धन और संसाधन मास्को के चार साल से अधिक समय से जारी आक्रमण को समर्थन देते हैं। इस बीच, कीव ने रूस के उस आरोप को भी खारिज किया कि एक यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमला किया। यह संयंत्र यूक्रेन और पूरे यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा केंद्र है। युद्ध के शुरुआती हफ्तों में रूसी सेना ने इस संयंत्र पर कब्जा कर लिया था। यह दक्षिणी जापोरिज्जिया क्षेत्र में अग्रिम मोर्चे के करीब स्थित है। यह उन चार क्षेत्रों में से एक है, जिन्हें रूस ने औपचारिक रूप से अपने में शामिल करने का दावा किया था। हालांकि उस पर उसका पूरा सैन्य नियंत्रण नहीं है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इस दावे को मान्यता नहीं मिली है।

# दुनिया में अमन की गारंटी बना भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए यहां एक कार्यक्रम में उन शांतिरक्षकों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक दिवस के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में भारत और आस्ट्रिया के स्थायी मिशन ने यहां एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बलिदान शांति रक्षकों के सर्वोच्च बलिदान के लिए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, पर्वतनेनी हरीशने कहा, ये शांतिरक्षक दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संकटग्रस्त क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। इस संबंध में भारत का योगदान अहम है। वह बोले, शांति सैनिकों के अथक प्रयासों से खतरनाक परिस्थितियों में भी दुनिया भर में शांति और स्थिरता बनी रहती है।

JAI GOVIND
PUBLIC SCHOOL, JOYA
Creates History in the Field of Entrance Exams
TOPPERS
AAFIYA CALSS-8
AIMAN NOOR CALSS-7
MONIS CALSS-6
RIYAPAL CALSS-5
ARIBA CALSS-4
KULWANT CALSS-3
ISHBA RANI CALSS-2
ADNAN CALSS-1
SADAF CHOUDHARY
IFS (UPSC AIR 23)
(FORMER STUDENT OF JGPS)
KEY FEATURES
FIRST ENGLISH MEDIUM COACHING IN DISTRICT
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
DAY BOARDING
POLLUTION FREE ATMOSPHERE
WI-FI CAMPUS
रफाउल हसन
प्रधानाचार्य
ADMISSION OPEN
SESSION 2026-27
सरल कुमार
प्रबंधक
सैनिक स्कूल, नवोदय, मिलिटरी स्कूल, ए.एम.यू., जामिया, विद्याज्ञान एवं राई स्पोर्टस स्कूल के प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु सम्पर्क करें
पता: जय गोविन्द पब्लिक स्कूल
निकट सोत पुल, दिल्ली रोड, जोया
9412137554
9997161490

# फ्रांस में हिंसक झड़पों के मामले में 400 गिरफ्तार

■ शहर के बीचों-बीच भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

**पेरिस।** फ्रांस में फुटबॉल प्रशंसकों और पुलिस के बीच हुई झड़पों में 400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुस्कास एरिना में खेले गए चैंपियंस लीग के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने आर्सेनल को पेनाल्टी शूटआउट में हरा दिया। इसके बाद शनिवार को देर रात जश्न के दौरान जश्न के दौरान हिंसा भड़क गई।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी पेरिस में बस, ट्रेन और रेल सेवाओं को बाधित करने वाली अशांति को रोकने के लिए हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। आतिशबाजी और फ्लेयर्स जलाए गए। इस झड़प में कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए। शहर के बीचों-बीच भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। गौरतलब है कि जहां पीएसजी ने लगातार दूसरी खिताब जीती थी, वहीं यह लगातार दूसरा साल भी था, जब फुटबॉल की वजह से हिंसा भड़की। इससे पहले 2025 में फ्रांसीसी टीम की जीत के बाद हुए जश्न ने हिंसक रूप ले लिया था। सोशल मीडिया में प्रसारित तस्वीरों में पेरिस में सड़कों पर इलेक्ट्रिक बाइक जलती हुई और जश्न मनाने वालों को कम से कम एक दुकान के शीशे तोड़ते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि इस अशांति के दौरान छह वाहन, दो दुकानें और एक बस स्टॉप क्षतिग्रस्त हो गए। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने बताया कि रविवार तड़के 416 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें पेरिस के 280 लोग शामिल हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108